आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-119 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

कारगिल विजय दिवस पर शहीद जवानों को सीएम की श्रद्धांजलि

रायपुर 26 जुलाई। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 25वें कारगिल विजय दिवस पर भारतीय जवानों की वीरता को नमन करते हुए कारगिल युद्ध के शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कारगिल विजय दिवस के दिन हम देश के उन वीर जवानों की बहादुरी को याद करते है, जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपनी प्राणों की परवाह न करते हुए कारगिल को मुक्त कराया. उनकी बहादुरी और शौर्य की गाथा हमें सदैव प्रेरणा देती रहेगी. यह देश के वीर सपूतों, कारगिल योद्धाओं की बहादुरी का स्मरण करने, उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रगट करने का दिन है।

पूर्व विधायक विजय सिंह के निधन की सूचना देर से पहुंचने पर विस अध्यक्ष नाराज

रायपुर 26 जुलाई। छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को पूर्व सदस्य विजय सिंह के निधन पर सदस्यों ने शोक जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की. सत्र के अंतिम दिन सूचना पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नाराजगी जताते हुए शासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए. विधानसभा के अंतिम दिन की कार्रवाई शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक कांग्रेस नेता विजय सिंह के निधन की सूचना दी. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, उप मुख्यमंत्री और सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी. इस दौरान भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रशासनिक त्रुटि का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि विजय सिंह का निधन 17 जुलाई को हुआ और सत्र के अंतिम दिन सूचना मिलना गंभीर त्रुटि है.

युवक की हत्या

बलरामपुर 26 जुलाई। जिले के सामरी थाना क्षेत्र के घुरलोटा जंगल टोंगरी में युवक की खौफनाक हत्या का मामला सामने आया है. आरोपियों ने हत्या के बाद युवक के हाथ और गुप्तांग काटकर शव को दफना दिया था. मामला सामने आने के बाद पुलिस कार्रवाई में जुटी. वहीं मजिस्ट्रेट से अनुमति मिलने के बाद पुलिस ने तहसीलदार और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम की मौजूदगी में मृतक के शव को कब्र से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

बरगद के पेड़ से टकराई ट्रेन

बालोद 26 जुलाई। छत्तीसगढ़ में एक बड़ा रेल हादसा टल गया है. दल्लीराजहरा से अंतागढ़ की ओर जा रही पैसेंजर ट्रेन ट्रैक पर गिरे विशालकाय बरगद के पेड़ से टकरा गई. पेड़ से टकराने के बाद यात्री रेलगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया और आगे का शीशा भी टूट गया. वहीं इस घटना में लोको पायलेट को चोट आई है. यह हादसा भानुप्रतापपुर से पहले मुल्ले कैंप के पास हुआ है. घटना की सूचना पर रेलवे की टीम मौके पर पहुंच गई है.

वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभात झा का निधन

भोपाल 26 जुलाई।

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का निधन हो गया है. उनकी उम्र 67 साल थी. उन्होंने दिल्ली के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली. झा मध्यप्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सहित पार्टी में कई अहम पदों पर रहे थे. छत्तीसगढ़ से भी उनका गहरा नाता रहा हैं . उन्होंने करियर की शुरुआत पत्रकारिता से की थी. बताया जा रहा है कि वे लंब समय से बीमार थे.उनके निधन पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रद्धांजलि अर्पित की हैं.

विस में डायरिया-मलेरिया पर पक्ष-विपक्ष भिड़े, बहिर्गमन

■ रायपुर 26 जुलाई

विधानसभा में शनिवार को मानसून सत्र के अंतिम दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष मलेरिया और डायरिया पर आमने-सामने थे. चर्चा के दौरान मंत्री केदार कश्यप ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा- पिछली सरकार में अगर तब के मुख्यमंत्री स्वास्थ्य विभाग की ओर ध्यान दे दिए रहते तो आज ये हालात नहीं होती. केदार कश्यप के बयान से नाराज विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया. विपक्ष के वॉकआउट पर बीजेपी सदस्यों ने 'घड़ियाली आंसू मत बहाओ' के नारे लगाए.

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मलेरिया और डायरिया भयावह है. यही वजह है कि हाईकोर्ट ने स्वत- संज्ञान लिया है. रतनपुर इलाके में एक बैड पर तीन-तीन मरीजों को रखा गया. सभी जिलों में स्थिति खराब है. लेकिन स्वास्थ्य मंत्री फिर भी इंकार कर रहे हैं. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा मलेरिया से 15 लोगों की मौत हुई है, लेकिन डायरिया से मृत्यु किसी की नहीं हुई है. मैं मानता हूँ कि अभी कोविड जैसी स्थिति डायरिया के लिए व्यवस्था नहीं हो सकती है.

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि एक ध्यानाकर्षण में कितने सवाल किए जा सकते थे? और क्या अकेले भूपेश बघेल ही सवाल करते रहेंगे. इस पर व्यवस्था दी जाए. इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि आप भूपेश बघेल के लिए कुछ ज्यादा ही उदार नजर आ रहे हैं. इस उदारता का क्या कारण है ?

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि क्या यह भी सही नहीं है कि मलेरिया-डायरिया से मौत हो रही है. उस पर हाई कोर्ट ने स्वत- संज्ञान लिया था ? क्या यह भी सही नहीं है कि हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव से लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को नोटिस दिया है ? स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया यह सही है, और हम कोर्ट के निर्देशों का पालन कर रहे हैं.

महंत ने कहा कि 12 करोड़ की दवाई को एक्सपायरी बताकर फेंक दिए हैं. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 12 करोड़ की नहीं 87 लाख की दवाइयाँ एक्सपायरी हुई है. मच्छरदानी हमनें नहीं खरीदी है, भारत सरकार ने जो भेजी है उसका वितरण किया है. स्वास्थ्य मंत्री के जवाब से असतुंष्ट विपक्ष ने बहिर्गमन किया.

इसके पहले विधानसभा में भाजपा विधायक मोतीलाल साहू ध्यानाकर्षण के जरिए मुद्दा उठाते हुए प्रदेश के कई जिलों में मलेरिया और डायरिया के प्रकोप की बात कही. मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बताया कि सभी जिलों में लगातार जांच की जा रही है. मंत्री ने बताया कि बस्तर संभाग में मलेरिया नियंत्रण में है. वहीं दो बच्चों की मौत का कारण देर से अस्पताल लाया जाना है. इसके साथ ही मच्छरदानी का वितरण लगातार किया जा रहा है. दवाओं की भी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है.मोतीलाल साहू ने कहा कि पिछली सरकार ने भुगतान नहीं किया इसलिए दवाओं की आपूर्ति नहीं हो पा रही है. मंत्री ने स्पष्ट किया कि कहीं भी पेमेंट नहीं होने की वजह से दवाओं की आपूर्ति नहीं रोकी गई है. दवाओं और जांच किट की पर्याप्त आपूर्ति की गई है. विभाग की टीम बस्तर में नाव से दूरस्थ गांवों तक पहुंचकर जांच कर रही है, कहीं भी कोई कमी नहीं है, पिछली सरकार से अधिक जांच की गई है.

भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने सुझाव दिया है जिले के उच्च अधिकारियों से लेकर निचले स्तर के कर्मचारियों को निर्देशित किया जाए. मलेरिया पीड़ितों की जानकारी सही समय पर स्वास्थ्य विभाग तक पहुँच जाए. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 6 विभागों में समन्वय के जरिए काम कर रहे हैं.

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में दो लोगों की मृत्यु मलेरिया से हुई है. मैंने मंत्री से आग्रह किया था कि बेलगहना के आस-पास कैंप लगवा दिया जाए. लेकिन अभी तक कैंप नहीं लग पाया है. अंदरुनी इलाकों में जो जरूरी तैयारियां वो पूरी हुई चाहिए. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रभावित इलाके में टीम गई थी. कोटा के आस-पास 385 मरीज भर्ती थे, लेकिन मलेरिया से किसी की मृत्यु नहीं हुई है।

आतंक के आकाओं के मंसूबे भारत कभी पूरे नहीं होने देगा

■ मोदी ने शहीदों को नमन कर शिंकुन ला टनल प्रोजेक्ट का उद्घाटन

■ नई दिल्ली 26 जुलाई

देश आज कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कारगिल के द्रास पहुंचकर इस जंग में शहीद होने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा- मैं जहां खड़ा हूं, वहां से आतंक के आकाओं तक मेरी आवाज पहुंच रही होगी। मैं साफ संदेश दे रहा हूं कि आतंक के आकाओं के मंसूबे भारत कभी पूरे नहीं होने देगा। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कारगिल वॉर मेमोरियल दौरा किया और शिंकुन ला टनल प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। लोगों को संबोधित करने के बाद पीएम शहीदों के परिजनों से भी मुलाकात की।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं उन्हें (पाकिस्तान) बताना चाहता हूं कि उनके आतंकी मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। पाकिस्तान ने अतीत में जितने भी दुस्प्रयास किए उसे मुंह की खानी पड़ी। लेकिन उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। वो आतंकवाद के सहारे प्रॉक्सी वॉर के सहारे अपने आप को प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हथियार मंगाने वाला देश आज एक्सपोर्टर बनते जा रहा है। डिफेंस में रिसर्च का भी 25 प्रतिशत प्राइवेट सेक्टर के लिए रिजर्व किया गया है। इसका परिणाम है कि डिफेंस प्रोडक्शन सवा लाख करोड़ से ज्यादा हो गया है। कभी हम हथियार मंगाते थे, आज एक्सपोर्टर बनते जा रहे हैं।हमने 5 हजार हथियारों की लिस्ट बनाकर तय किया है कि इन्हें बाहर से नहीं मंगाया जाएगा। डिफेंस सेक्टर में रिफॉर्म्स के लिए भारतीय सेनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कई साहसी फैसले लिए। इसमें अग्निपथ योजना भी शामिल है। दशकों तक संसद में सेनाओं को युवा बनाने पर चर्चा होती रही है।

इस दौरान पीएम ने कहा कि लद्दाख में सिंधु सेंट्रल यूनिवर्सिटी बन रही है। पूरे लद्दाख को 4त्न नेटवर्क से जोड़ने का काम भी चल रहा है। 13 किमी लंबी जोजिला टनल का काम भी जारी है। इसके बनने से नेशनल हाईवे पर भी ऑल वैदर कनेक्टिविटी हो जाएगी। सीमावर्ती इलाकों में भी चैलेंजिंग टास्क अपने हाथों में लिए हैं। बॉर्डर रोड संगठन ने पिछले 3 साल में 330 से ज्यादा प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। इसमें लद्दाख के विकास से लेकर पूर्वोत्तर में सेला टनल जैसे प्रोजेक्ट भी शामिल हैं।

पीएम बोले- आप जानते हैं भारत उस समय शांति के प्रयास कर रहा था। बदले में पाकिस्तान ने अपना अविश्वासी चेहरा दिखाया। लेकिन सच के सामने असत्य और आतंक की हार हुई। पाकिस्तान ने अतीत में जितने भी प्रयास किए उसे मुंह की खानी पड़ी। लेकिन उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। वो आतंकवाद के सहारे प्रॉक्सी वॉर के सहारे अपने आप को प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास कर रहा है।

पीएम मोदी ने शिंकुन ला टनल प्रोजेक्ट की शुरुआत की। इसका पहला ब्लास्ट भी पीएम मोदी ने किया। शिंकुन ला टनल प्रोजेक्ट में 4.1 किमी लंबी ट्विन-ट्यूब टनल शामिल है। यह टनल लेह को सभी मौसम में कनेक्टिविटी देगी। काम पूरा होने के बाद यह दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी।

मैं निर्दोष हूं, मेरे खिलाफ साजिश हुई: राहुल

नई दिल्ली 26 जुलाई। मानहानि मामले की सुनवाई के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने अगली सुनवाई 12 अगस्त को तय की है, जब याचिकाकर्ता का बयान दर्ज किया जाएगा। सूत्र बताते हैं कि गांधी को उस तारीख पर अदालत में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने कहा कि राहुल गांधी ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया और कहा कि सभी आरोप झूठे हैं और शिकायत राजनीतिक द्वेष के कारण दर्ज की गई है। सुनवाई की अगली तारीख 12 अगस्त तय की गई है और शिकायतकर्ता को उस पर सबूत पेश करना होगा जिस दिन अदालत द्वारा जिरह की जाएगी।

मामला 2018 का है, जब बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी पर अपमानजनक टिप्पणियों का आरोप लगाया था, जिसमें कांग्रेस सांसद ने अमित शाह को एक हत्या के मामले में ÷अभियुक्त÷ बताया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को पहले इस मामले में 20 फरवरी को जमानत दे दी गई थी, जिससे अदालती कार्यवाही में भाग लेने के लिए उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा बाधित हो गई थी। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने राहुल गांधी को अपना बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था और अनुपालन में विफल रहने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी, क्योंकि वह लगातार 12 सुनवाई में चूक गए थे। पिछली सुनवाई में, राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने अदालत को बताया कि 2 जुलाई को उनकी अनुपस्थिति विपक्ष के नेता के रूप में उनके संसदीय कर्तव्यों के कारण थी। राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि की शिकायत 4 अगस्त, 2018 को बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई टिप्पणी के जवाब में दायर की गई थी।

नेहरू का नाम लेने पर लोस में विपक्ष ने मचाया हंगामा

नई दिल्ली 26 जुलाई। संसद का मानसून सत्र के चौथे दिन भी दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। बजट पर चर्चा के दौरान तो सत्तापक्ष की ओर से जवाहरलाल नेहरू का नाम लेने पर विपक्ष ने लोकसभा में जमकर हंगामा किया। नौबत यहां तक आ गई कि पक्ष और विपक्ष के सासंद बच्चों की तरह उलझ पड़े। संसद का यह हाल देखकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी गुस्से से लाल हो गए और उठ खड़े हुए। बजट पर चर्चा के दौरान चर्चा के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में काफी ज्यादा हंगामा हुआ है। लोकसभा में गुरुवार (25 जुलाई) को भी शोर-शराब देखने को मिला। हालांकि इसकी वजह पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे, जिनका नाम लेने पर सदन में बवाल मच गया।

दरअसल, महाराष्ट्र की रायगढ़ सीट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित गुट) के नेता सुनीत दत्तात्रेय लोकसभा में बोल रहे थे। उनके बोलने के दौरान ही विवाद खड़ा हो गया। वह अपने भाषण के दौरान दूसरी सीट पर बैठने लगे, जिसे लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बनर्जी ने विरोध दर्ज करवाया। बनर्जी ने कहा कि सुनील दत्तात्रेय को घूम-घूम कर बोलने की इजाजत नहीं है। हालांकि, विवाद की शुरुआत सिर्फ इसे लेकर ही नहीं हुई।

अपने भाषण के दौरान सुनील दत्तात्रेय सरकार की तारीफ करने लगे। वह बताने लगे कि किस तरह पीएम मोदी के ऊपर देश की 140 करोड़ जनता ने भरोसा जताया है। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जिक्र किया, जिस पर विपक्षी सांसदों ने विरोध जताना शुरू कर दिया। विपक्षी सांसदों में से एक को ये कहते हुए सुना गया, 'ये क्या बोल रहे हैंज?' इस पर एनसीपी सांसद कहते हैं कि मैंने क्या बोला है।

एनसीपी सांसद दत्तात्रेय के बयान को लेकर काफी ज्यादा हंगामा होने लगा। स्पीकर की सीट पर बैठे जगदम्बिका पाल को बीचबचाव करना पड़ा। वह लगातार विपक्षी सांसदों खासतौर पर कल्याण बनर्जी से कहते रहे कि आप बैठ जाइए। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी खड़े हो गए। फिर स्पीकर कहते हैं, 'माननीय रक्षा मंत्री आप बैठ जाएं। वह लगातार रक्षा मंत्री से बैठने की गुजारिश करते रहते हैं। मगर विपक्ष के लगातार विरोध के बाद सदन को स्थगित करना पड़ा।

यूपी में भाजपा संकट को सुलझाएगा आरएसएस

लखनऊ 26 जुलाई। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद से पार्टी की स्थिति राज्य में लगातार बिगड़ती हुई दिखाई दे रही है। जिस राज्य में पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार में है, वहां उठापटक की स्थिति सबको चिंतित कर रही है। सबके मन में एक ही सवाल है कि आखिर उत्तर प्रदेश में क्या कुछ चल रहा है? उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक के बीच तनातनी साफ तौर पर देखने को मिल रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश की गुत्थी सुलझाने के लिए केंद्रीय नेतृत्व सक्रिय हो गया है।

योगी आदित्यनाथ नीति आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचेंगे। इसके अलावा उनके दोनों डिप्टी सीएम यानी कि केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक भी शुक्रवार शाम दिल्ली रवाना हो जाएंगे। इनके अलावा उत्तर प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह भी राष्ट्रीय राजधानी में रहेंगे। ऐसे में कहीं ना कहीं राज्य में पार्टी की स्थिति और आने वाले उपचुनाव को लेकर चर्चा संभव है। इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश में जो तनातनी की स्थिति है उसे शांत करने के लिए संघ भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। तभी तो खबर यह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, भूपेंद्र चौधरी और धर्मपाल सिंह आज शाम राष्ट्रीय स्वयं संघ की बैठक में हिस्सा लेंगे। यह बैठक संघ के वरिष्ठ प्रचारक संकरी लाल ने बुलाई है। ऐसे में कहीं ना कहीं माना जा रहा है कि संघ भी अब उत्तर प्रदेश में समाधान निकालने की कोशिश में जुट गया है। वहीं, पूर्वी यूपी क्षेत्र के एक वरिष्ठ आरएसएस पदाधिकारी ने कुछ दिन पहले मौर्य से मुलाकात की और हाल ही में राज्य भाजपा कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान उठाए गए मुद्दों पर चर्चा की।

सूत्रों ने कहा कि आरएसएस पदाधिकारी ने मौर्य को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को उच्चतम स्तर पर उठाया जाएगा और उनसे अपनी शिकायतों को सार्वजनिक मंचों पर प्रसारित न करने का आग्रह किया। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक नेता ने संकट के समाधान के लिए राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेताओं से भी मुलाकात की। बैठक में बोलते हुए मौर्य ने आदित्यनाथ पर परोक्ष हमला बोलते हुए आरोप लगाया था कि सरकार में आम पार्टी कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा है और लोकसभा चुनाव में राज्य में भगवा पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन के पीछे पार्टी संगठन की उपेक्षा प्रमुख कारणों में से एक थी।

भारत की एक्ट ईस्ट नीति का आधार है आसियान: जयशंकर

नई दिल्ली 26 जुलाई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत के लिए, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान) उसकी एक्ट ईस्ट नीति और उसके इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण की आधारशिला है। आसियान-भारत के विदेश मंत्रियों की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत के लिए, आसियान उसकी एक्ट ईस्ट नीति और उसके बाद बने इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण की आधारशिला है। हमारे लिए आसियान के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग सर्वोच्च प्राथमिकता है। लोगों से लोगों के बीच संबंध भी ऐसे ही हैं जिनका हम लगातार विस्तार करना चाह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत आसियान को कितनी प्राथमिकता देता है, यह पिछले साल हमारे अपने जी-20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर प्रधान मंत्री मोदी की जकार्ता यात्रा से स्पष्ट था। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने 12-सूत्रीय योजना की घोषणा की थी जिस पर काफी हद तक काम किया गया है। उन्होंने कहा कि यह जानना उत्साहजनक है कि भारत-आसियान साझेदारी हर गुजरते दिन के साथ और अधिक आयाम हासिल कर रही है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा जयशंकर कि लाओस यात्रा का विशेष महत्व है क्योंकि यह वर्ष भारत की एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक का प्रतीक है, जिसकी घोषणा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में 9वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में की थी। एक्ट ईस्ट पॉलिसी विभिन्न स्तरों पर विशाल एशिया-प्रशांत क्षेत्र के साथ आर्थिक, रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक राजनयिक पहल है। भारत एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र की परिकल्पना करता है।

ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल, पेरिस 2024, टेबल टेनिस

jasclaudius@gmail.com

खिलाड़ियों के समर्पण की वजह से बढ़ा भारत का मान

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की 1896 को शुरुवात के बाद इस स्पर्धा के खेलों को कोर गेम्स का नाम दिया जाने लगा. इन खेलों की शुरुवात के लगभग 92 वर्षों बाद टेबल टेनिस को पूर्ण खेल के रूप में 1988 सिओल में सम्मिलित किया गया.एशिया का दबदबा टेबल टेनिस में आरंभ से रहा . इसमें चीन ,जापान, कोरिया सबसे प्रमुख है.आज की परिस्थिती में महिला , पुरुष दोनों वर्गों केसथ चीन विश्व में पहले स्थान पर बना हुआ है . पुरुष एकल में दुनियां के 144 देशों के 1058 खिलाडियों में चीन तीन खिलाड़ी वांग चू क्वीन,लियांग जिंगकुन, मा लांग प्रथम तीन स्थान पर बने हुए हैं. इसी तरह महिला वर्ग के प्रथम तीन स्थान पर सुन इंग सा, वांग मान यू, वांग वीडी प्रथम तीन स्थान पर बने हुए हैं. इसी प्रकार इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन द्वारा जुलाई2024 में जारी विश्व वरीयता के अनुसार टेबल टेनिस की 127महिला टीमों में चिंकी टीम को पहला,जापान को दुसरा,तथा कोरिया को तीसरा स्थान जबकि भारतीय टेबल टेनिस महिला टीम को विश्व में 11 वा स्थान प्राप्त है . (पेज एक)

इसी तरह पुरुष वर्ग की144 टीम में से चीन ,जर्मनी, फ्रांस क्रमशः पहले ,दूसरे, तीसरे स्थान पर और भारत की टीम 14 वे स्थान पर काबिज है .इस प्रकार टेबल टेनिस में भारतीय टीम और उसके खिलाड़ियों को विपक्षियों से बेहद कड़ा मुकाबला करना होगा. भारतीय टेबल टेनिस टीम में शामिल खिलाडियों और उनकी विश्व वरीयता इस प्रकार है ... पुरुष वर्ग में शरत कमल 40,मानव विकास कक्कड़ 56, हरमीत देसाई 86, महिला वर्ग में संसार के 817 महिला खिलाडियों में श्रीजा अकुला 25, मनिका बत्रा 28 तथा अर्चना गिरीश कश्यप को 123 वरीयता प्राप्त है ,। इसी तरह रिजर्व खिलाडियों में पुरुष वर्ग के जी. सथियान को 63 जबकि महिला वर्ग में अयहिका मुखर्जी को 86 वरीयता प्राप्त है . महिला वर्ग के टीम मुकाबले में भारतीय टीम 11वे स्थान पर है उसके उपर क्रमशः एक से लेकर दस तक चीन,जापान, कोरिया, रोमानिया, जर्मनी, हांगकांग, चाइनीज ताइपे, फ्रांस, इजिप्ट ,ब्राजील की टीम आती है . पुरुष वर्ग में भारत 14 क्रम पर है उससे श्रेष्ठ एक से लेकर तेरह तक की टीम के नाम इस प्रकार है ... चीन, जर्मनी फ्रांस, जापान, कोरिया, चीनी ताइपे, स्वीडन , पुर्तगाल, ब्राजील, डेनमार्क, क्रोएसिया फिर स्लोवेनिया देश की टीम आती है . पेरिस के ओलंपिक खेलों में टेबल टेनिस के मुकाबले 27 जुलाई से आरंभ होंगे और 04 अगस्त 2024 तक होंगे . (दुसरा पेज समाप्त)

भारतीय टेबल टेनिस टीम के 2024 में संपन्न आई टी टी एफ में 14 स्थान प्राप्त किया.2024 वर्ल्ड टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 9 वें स्थान पर था जबकि 2023 के एशियन चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रहे . इस प्रकार टीम मुकाबले में भारत के लिए पदक पाने का मौका नजर नही आता .उसी तरह एकल में भी हमारे पुरुष खिलाडियों को गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ेगा . महिलाओं के एकल में हरमीत देसाई और मानव विकास की वरीयता 86 तथा 56 है. महिला वर्ग में मनिका बत्रा और

श्री जा अकुला कुछ उलटफेर करने में माहिर है .राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल की विजेता मनिका बत्रा का पहले दौर में मुकाबला ब्रिटेन की अन्ना हरसे से होगा . पेरिस ओलंपिक खेलों में मनिका को 18 वी वरीयता दी गई है . यह उनका लगातार तीसरा ओलंपिक है . 2020 टोक्यो ओलंपिक के एकल दौर के सर्वोच्च 32 खिलाडियों में स्थान बनाने वाली मनिका भारत की पहली महिला खिलाड़ी हैं . इसी तरह भारत के वरिष्ठ टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल का पहला मुक़ाबला स्लोवेनिया के डेनी कोजुल से होगा . डेनी की विश्व वरीयता सिर्फ 126 है . दूसरी तरफ शरत कमल का यह पांचवा ओलंपिक है. 42 वर्षीय 2004 एथेंस ओलंपिक खेलों से लगातार भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. हालाकि पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को टेबल टेनिस में कोई पदक जीतने की कोई संभावना नहीं है परन्तु ऐसी स्पर्धाओं में पहली बार शामिल अन्य खिलाड़ियों को अनुभव।

गर्भवती महिलाओं को गर्म भोजन पर सदन गर्माया

रायपुर 26 जुलाई। विधानसभा में आज महिलाओं और बच्चों को मिलने वाले सुपोषण योजना का मामला जोर शोर से गूंजा। विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने इसे बंद कर दिया है जिससे कुपोषण की दर बढ़ रही है। विभागीय मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि योजना चालू है। मंत्री के गलत जानकारी देने पर नाराज होकर कांग्रेस विधायकों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया। प्रश्नकाल में सत्र के अंतिम दिन प्रदेश में गर्भवती महिलाओं को गरम भोजन देने वाली सरकारी योजना को बंद करने का मामला कांग्रेस विधायक अनिला भेड़िया ने उठाया। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत महतारी जतन योजना में गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गरम भोजन दिया जाता था जिसे अभी बंद कर दिया गया है। साथ ही कांग्रेस विधायक ने इस योजना के बजट में कटौती पर भी सरकार को घेरा।

एक नजर

पुलिस ने किया चार किलो गांजा जब्त

भिलाई, 26 जुलाई। भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र एक पुराने शराब तस्कर को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है आरोपित के पास से चार किलो 624 ग्राम गांजा जब्त किया गया है वह खम्हरिया भाठा के पास खड़े होकर कोचिया का इंतजार कर रहा था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है स्मृति नगर चौकी प्रभारी पुरषोत्त कुर्रे ने बताया कि कृपाल नगर कोहका निवासी आरोपित मार्शल राजपूत (29 साल) को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है आरोपित पुराना शराब तस्कर है उसे शराब तस्करी के मामले में पहले भी कई बार गिरफ्तार किया जा चुका है इसके साथ ही उसके खिलाफ मारपीट जैसे मामले भी दर्ज हैं आरोपित एक सफेद रंग की बोरी में गांजा लेकर खम्हरिया भाठा के पास एक कोचिया का इंतजार कर रहा था मुखबिर से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपित को घेराबंदी कर पकड़ा पूछताछ में आरोपित ने यहां के लोकल गांजा कोचिया के बारे में जानकारी दी है इसके आधार पर पुलिस आगे की जांच कर रही है स्मृति नगर चौकी पुलिस ने खम्हरिया भाठा रोड से पकड़ा आरोपित ने यहां के लोकल गांजा कोचिया के बारे में जानकारी दी।

महिला से जबरदस्ती का प्रयास, दो गिरफ्तार

भिलाई, 26 जुलाई। भिलाई जामुल थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला से घर में घुसकर उससे जबरदस्ती का प्रयास करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है दोनों आरोपित कबीरधाम जिले के रहने वाले हैं घटना के बाद वे दोनों भागकर राजनांदगांव चले गए थे और वहां के सोमनी बस स्टैंड पर कबीरधाम जाने वाली बस का इंतजार कर रहे थे उनके खिलाफ छेड़खानी की धाराओं के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया है जामुल टीआई कपिल देव पांडेय ने बताया कि घटना 18 जुलाई की है पीड़िता के ससुराल गांव के परिचित आरोपितों ने उससे घर में घुसकर छेड़खानी की वह जामुल में किराये के मकान में रहती है घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित अमजद खान और राम खिलावन उर्फ मनी साहू निवासी ग्राम सिंघनगढ़ लोहारा जिला कबीरधाम के खिलाफ प्राथमिकी की घटना के बाद दोनों आरोपित कबीरधाम भागने की तैयारी में थे इसी दौरान पुलिस ने उन्हें राजनांदगांव जिला के सोमनी बस स्टैंड से गिरफ्तार किया आरोपितों को न्यायालय पेश किया गया जहां से उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

चेन स्नेचिंग कर युवक फरार

भिलाई, 26 जुलाई। भिलाई दुर्ग रेलवे स्टेशन पर पदस्थ चीफ ट्रेंस क्लर्क से चेन स्नेचिंग की घटना हुई है पीड़िता बेटे को स्कूल बस में बैठाकर पैदल घर लौट रही थी तभी एक बदमाश ने महिला से चेन स्नेचिंग की और अपनी बाइक लेकर भागने लगा इसी दौरान महिला ने शोर मचाते हुए उसकी बाइक को पकड़ लिया इसके बाद आरोपित बचने के लिए बाइक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ झपटामारी की धारा के तहत प्राथमिकी कर बाइक को जब्त कर जांच शुरू की है सिंधिया नगर दुर्ग निवासी रेलवे कर्मी सिंधु पांडेय चेन स्नेचिंग का शिकार हुई हैं वह बेटे को स्कूल बस में बैठाने के लिए गई थी वापस लौट रही थी, तभी रास्ते में एक बदमाश ने इस घटना को अंजाम दिया आरोपित ने पास में ही अपनी बाइक को चालू हालत में खड़ी किया था और अपने मुंह पर गमछा बांधे हुए पीड़िता की तरफ बढ़ा इसके बाद उसने महिला के गले से उसकी सोने की चेन लूट ली आरोपित भागने लगा तो पीड़िता ने दौड़कर उसकी बाइक को पीछे से पकड़ लिया और शोर मचाने लगी। जब आरोपित को लगा कि वह पकड़ा जाएगा तो उसने बाइक को वहीं पर छोड़ दिया और पैदल भाग गया बाइक के पंजीयन नंबर के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली है, जिसके आधार पर पुलिस आगे बढ़ रही है पीड़िता ने आरोपित की बाइक को कसकर पकड़ लिया था बेटे को स्कूल बस में बैठाने के बाद वापस लौट रही थी महिला।

ठेकेदार ने मकान में फांसी लगाई

भिलाई, 26 जुलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के एक ठेकेदार ने अपने बोरसी दुर्ग स्थित मकान में जाकर फांसी लगा ली उसने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उसने अपनी पैंक्रियाज की बीमारी और पेट दर्द से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है घटना की जानकारी मिलने पर पद्मनाभपुर पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी संजीव सिंह (55) बीएसपी में ठेकेदार था बोरसी दुर्ग में भी उसका एक मकान है उसका परिवार खुर्सीपार में रहता है वह सुबह अपने खुर्सीपार वाले घर से निकला था और बोरसी पहुंचा था यहां पर उसने फांसी लगाकर जान दे दी मकान में सफाई करने वाली बाई जब वहां पहुंची तो उसने उसकी लाश को फंदे से झूलता देखा ।

अकाल की आशंका के बीच बारिश से किसानों में जगी आस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 26 जुलाई। उतई सेलूद पाटन सहित आसपास गांवों में शुक्रवार शनिवार व रविवार की शाम से क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट बदलते हुए बिजली और गर्जना के साथ बारिश हुई। जो किसान अकाल आशंका से भयभीत हो गये थे उसे आज हुई वर्षा ने जलते हुए धान के पौधे को राहत दी है किसान अवर्षा के कारण किसान कृषि कार्य करना ही छोड़ दिये थे । बोता के धान खेत में जैसे थे वैसे ही स्थिति में थे रोपाई के लिए थरहा भी बढ़ गये थे और गर्मी के कारण जलने लगे थे । भूमि जल स्तर भी कम होने से बोर पंप भी हाँफने लगे थे और आधे से एक घंटे चलने के बाद रुकने लगे थे अब आज के वर्षा से कृषि कार्य गति पकड़ने के साथ ट्युब वेल के जल स्तर के सुधार होने से रोपाई कार्य के साथ बियासी कार्य की शुरुआत होने की संभावना बनते हुए दिख रही है । इससे पहले जून जुलाई महीने में ढंग से बारिश नहीं हुई थी। इसके बाद जुलाई माह के अंतिम दिनों में मानसुनी बारिश से किसानों के चेहरों पर रौनक लौट दी है । जुलाई माह में वर्षा नहीं होने से किसान कृषि कार्य के लिए पानी की कमी के साथ धान के थरहा भी गर्मी से जलने लगे थे ।अब लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम के बदलते ही लोगों को गर्मी से राहत मिली है।। सोमवार के दिन भर झडी होने से सड़कें वीरान दिखाई दिया। पाटन क्षेत्र में बुआई के लिए शुरुवाती वर्षा अच्छी होने के कारण करीब 90 प्रतिशत किसानों ने बुआई कर लिए थे । लेकिन उसके बाद अवर्षा की स्थिति बन गई थी ।इस वर्षा से तालाब नदी नाले छोटे स्टापडेम चेक डेम छोटे गड्ढे सभी भर गये है एनीकट भी छलकने लगा है ।सेलूद के कृषक महेश्वर बंछोर ने बताया कि अटठाइस एकड़ में रोपा पद्धति से खेती करते है ।जुन जुलाई के माह में थरहा डाला दिये थे।रोपाई के लिए खेत भी तैयार कर लिये थे लेकिन खेत में पांच तीन व दो एच पी के पंप चलने के बाद भी कृषि कार्य गति नहीं पकड़ रही थी लेकिन इस पानी से खेती कार्य में गति आयेगी । किसानों ने रोपा के लिए थरहा डाल दिये और थरहा रोपाई के लिए तैयार भी हो गया था । छोटे किसान धीरे धीरे करके रोपाई कार्य कर रहे थे लेकिन बड़े किसानों के कृषि कार्य अब गति पकडेगा जो किसान पहली बारिश से बुआई व थरहा डालने का कार्य कर लिये थे। उनके खेतों में धान के बड़े बडे पौधे दिखाई दे रहा है। और जो जुन के प्रथम सप्ताह में ही थरहा के बीज डाल दिये थे ।उनकी रोपाई कार्य भी इस बारिश के बाद से शुरु हो जायेगी । ट्युबवेला रिचार्ज नहीं होने के कारण बड़े किसान लेकिन किसान चिंचित हो गये औ पानी की आपूर्ति नहीं होने पर रोपाई का कार्य भी रुक गया था ।अब आज के इस वर्षा से रोपाई कार्य के साथ बियासी के कार्य प्रारम्भ होने की संभावना है ।इसलिए इस वर्षा से जहां लोगों को गर्मी से राहत तो मिली है और पूर्णतः कृषि कार्य के लिए यह पानी अभी पर्याप्त नजर आता है।

रजिस्ट्री कार्यालय में धांधली को लेकर विधायक गजेंद्र यादव ने मानसून सत्र में उठाया सवाल

दुर्ग, 26 जुलाई। रजिस्ट्री कार्यालय में अवैध वसूली को लेकर आज दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने विधानसभा में सवाल उठाया है। मानसून सत्र के चौथे दिन राजस्व विभाग के कई मामले को लेकर सवाल जवाब के दौरान उन्होंने पूरी बेबाकी से सदन में दुर्ग जिले के रजिस्ट्री कार्यालय में लेन देन के नाम पर लिए जाने वाली राशि से संबंधित अपनी बातें रखी जिस पर विभागीय मंत्री ओ. पी. चौधरी ने सदन में जवाब देते हुए मामले की जांच कराने का आश्वासन दिए।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विधायक गजेंद्र यादव ने दुर्ग रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्ट्री पेपर तैयार कराने के एवज में चल रहे अवैध वसूली को लेकर सदन सवाल उठाये, उन्होंने कहा कि 3 से 10 हजार रूपये हर रजिस्ट्री प्रकरण में नागरिकों से लिया जा रहा है। विधायक श्री यादव के सवाल का जवाब देते हुए राजस्व मंत्री ओ. पी. चौधरी ने बताया की रजिस्ट्री कार्यालय में ऑनलाइन पेमेंट, आधार कार्ड पैन कार्ड इंटीग्रेशन, रेरा के साथ बैकवर्ड - फॉरवर्ड इंटीग्रेशन, भूइंया से इंटीग्रेशन एवं मोबाइल एप्प डेवलप किया जा रहा है। विभाग के काम काज टेक्नोलॉजी से जोड़ा जा रहा है ताकि भ्रष्टाचार को दूर कर पारदर्शिता लाया जा सके। दुर्ग विधायक के सवाल पर उन्होंने जानकारी लेकर लिए जाने वाले राशि की जांच कराने का आश्वस्त किया।

परेवाडीह में एक कमरे में पांचवी तक कक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पाटन, 26 जुलाई। पाटन ब्लाक के ग्राम पंचायत महकाखुर्द के आश्रित ग्राम परवेडीह मे स्थित पूर्व प्राथमिक शाला जहाँ पर एक ही कमरे में पाँचवी तक की शिक्षा दी जाती है का आज आकश्मिक निरीक्षण सदस्य जिला पंचायत दुर्ग श्रीमती हर्षा लोकमनी चंद्रकार ने किया । निरीक्षण के दरम्यान उन्होंने देखा कि स्कूल में एक कमरा है जंहा स्कुल का कार्यालय भी है। यहाँ पर पदस्थ दो शिक्षक एक ही कक्षा मे बच्चे को मजबूरन पढ़ा रहे है। किचन शेड जर्जर स्थिति में है जंहा बारिश का पानी टपक रहा है छत कब गिर जाएगा भरोसा नहीं है ऐसी स्थिति में बच्चों का मध्यान्ह भोजन रसोइया अपने घर से बना कर लाती है तब बच्चों को भोजन मिलता है।

शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक रोहित गायकवाड ने बताया की यहां पर एक कमरे में ही हम लोग दो स्टाप है, पांच कक्षा में 21 बच्चे है जिन्हें हम बारी बारी से पढ़ते है, इस स्कूल में कक्षा पहली से पांचवी तक कुल 20 बच्चे अध्ययनरत है।कक्षा पहली में 2 कक्षा दूसरी में4 तीसरी में 5चौथी में 2 व पाँचवी में 7 बच्चे है। एक अन्य कमरा भी क्षतिग्रस्त हो चुका है। ग्रामीण पन्द्रह साल से एक अतिरिक्त कक्ष की माँग क्षेत्रिय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कई बार किया जा चूका है। जन प्रतिनिधियो द्वारा कई बार अधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है लेकिन वह माँग आज तक पूरी नही हुई है। इस मामले में अधिकारियों की गैर जिम्मेदारी पूर्ण रवैये से जनप्रतिनिधि एव ग्रामीणों मे रोष ब्याप्त है। जून 2024 से नया सत्र सुरु हो गया है ऐसे स्थिति में यहां पर दर्ज सख्या 21 बच्चे पुनः एक ही कमरे में विद्या अध्ययन हेतु मजबूर है। श्रीमती चंद्राकर ने बच्चों से विभिन्न प्रश्न पूछे जिसकी बच्चों ने बेहिचक उत्तर भी दिया, बच्चों ने कविता सुनाया, मध्यान्ह भोजन से बच्चे खुश नजर आए यंहा बच्चों को थोड़ी सुविधा मिले तो बच्चे और भी अच्छा कर सकते है। निरीक्षण के दरम्यान रोहित गायकवाड प्रधान पाठक, महेश साहू शिक्षक, रमेश ठाकुर, सुखदेव यादव, नरेंद्र ठाकुर, श्यामा यादव, रमशिला निर्मल, हितेश सिन्हा, गोपाल यादव, सुकालू ठाकुर आदि मौजूद रहे।

सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले अधिकतर छात्र छात्राओं के पास रेनकोट और छतरी की कमी

कवर्धा, 26 जुलाई। बोडला ब्लॉक में अच्छी बारिश से किसान खुश दिख रहे है और किसान सहित पूरा परिवार धान की खेती में व्यस्त दिख रहा है । लेकिन अधिकतर किसानों और गांव में रहने वाले बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ने जाते है और अच्छी बारिश के कारण भीगते हुए पहुंचते है या छुट्टी के बाद अपने घर बच्चे भीगते हुए पहुंचते है । बहुत सारे बच्चे बिना छतरी के जाते हुए और बिना रेनकोट पहने हुए देखे जाते है । सरकार को ऐसी योजना बनानी चाहिए जिससे की सरकारी स्कूल में बच्चे को छतरी और रेनकोट मिले । भीगने से बच्चो का स्वास्थ्य भी खराब हो सकता है ।

भाजपा मध्य मंडल की कार्यसमिति की बैठक 27 जुलाई को पाटन में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 26 जुलाई। भाजपा प्रदेश एवं जिला भाजपा के निर्देशानुसार मध्य मण्डल की विस्तृत कार्यसमिति बैठक का आयोजन 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे रेस्ट हाउस पाटन में भाजपा मध्यमण्डल अध्यक्ष खेमलाल साहू की अध्यक्षता में आहूत किया गया किया गया है। उक्त बैठक में प्रमुख वक्ता विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, मुख्य वक्ता ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण विधानसभा, जितेंद्र वर्मा जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्ग, दिलीप साहू जी विधानसभा संयोजक,श्रीमति हर्षा चंद्राकर जी सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, देवेंद्र चंदेल प्रभारी मध्यमण्डल पाटन, लालेश्वर साहू अध्यक्ष दक्षिण मण्डल, लोकमनी चन्द्राकर जी अध्यक्ष उत्तर मण्डल अतिथि वक्ता रहेंगे द्य उक्त कार्यसमिति बैठक में अपेक्षित श्रेणी ~ मध्य मंडल भाजपा संगठन पदाधिकारी/ कार्यकारिणी सदस्य, मंडल कार्यसमिति, मंडल में निवासरत प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी/ कार्यसमिति सदस्यगन, मंडल के समस्त मोर्चा अध्यक्ष/महामंत्री, पदाधिकारीगण, शक्तिकेन्द्र के प्रभारी, संयोजक /सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, सचिव, बी एल ए दो, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, समर्थित जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्यगण, सरपंचगण, नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष, पार्षदगण की उपस्थिति रहेगी द्य उक्त बैठक की जानकारीहरिशंकर साहू, विनय चन्द्राकर महामंत्री द्वय भाजपा मध्य मंडल पाटन के द्वारा दिया गया ।

घर लौटते प्रोफेसर पर जानलेवा हमला

भिलाई। डॉ. खूबचंद बघेल शास. महाविद्यालय भिलाई-3 में कार्यरत प्रो. विनोद शर्मा पर घर लौटते समय शुक्रवार 19 जुलाई को जानलेवा हमला हुआ। हमलावर अपराधी अभी तक पकड़े नहीं गए हैं। इससे शिक्षा और साहित्य जगत में आक्रोश पनप रहा है। जन संस्कृति मंच ने इस बर्बर हमले की निंदा करते हुए मांग की है कि पुलिस द्वारा हमलावरों को यथाशीघ्र गिरफ्तार किया जाए। सरकार शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करें ताकि ऐसी पुनरावृत्ति न हो।

कारगिल विजय दिवस पर भाजयुमो ने मशाल रैली निकाली

भिलाई नगर। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के आह्वान पर आज ग्लोब चौक सेक्टर 10 में मशाल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह शामिल हुए। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय भी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कारगिल युद्ध के शहीद वीर सपूतों को नमन करते हुए भारत माता की जय के नारे लगाए। मशाल रैली का समापन सिविक सेंटर रथ पार्क में किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, संजय दानी, अनिल सोनी, राहुल भोंसले, राहुल परिहार, रोहन सिंह, रेहान अहमद, जोनाथन जोना, दीपक पांचाल, आकाश कांबले, गोल्डी सोनी, करण कन्नौजिया, स्वामी रेड्डी, सूरज भान, कमलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित थे।

निवास में कार्यकर्ताओं साथ मनीष पाण्डेय ने किया भव्य स्वागत

अपने भिलाई प्रवास के दौरान भाजयुमो राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय के सेक्टर 9 निवास पहुंचे। जहां पाण्डेय के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश पदाधिकारियों की मौजूदगी में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई, तत्पश्चात राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह ने कार्यकर्ताओं से भेंट की। पाण्डेय द्वारा वैभव सिंह को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया।

शहीद कौशल यादव को किया नमन

छत्तीसगढ़ के वीर सपूत, इस्पात नगरी के गौरव शहीद कौशल यादव के शहादत दिवस के अवसर पर पाण्डेय ने उनके स्मृति स्थल पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शहीद कौशल यादव के निवास पहुंचकर उनकी माता से भेंट की तथा उनका कुशलक्षेम जाना। पाण्डेय ने कहा कि शहीद कौशल यादव भिलाई के गौरव हैं और सभी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा।

शहीद कौशल यादव की शहादत को देश हमेशा याद रखेगा : देवेंद्र

भिलाई, 26 जुलाई। आज कारगिल विजय दिवस है. स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। हमारे देश के वीर जवानो की कुर्बानियों को याद किया जाता है. इसी कड़ी में वीर चक्र से सम्मानित शहीद कौशल यादव के स्मरण दिवस में उन्हें बड़े ही आदर भाव सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की. भिलाई नगर के युवा विधायक श्री देवेंद्र यादव वीर शहीद जवान भिलाई छत्तीसगढ़ के बेटे शहीद कौशल यादव जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किए. उनकी शहादत को प्रणाम किया. उनकी देश भक्ति और सर्वोच्च बलिदान को याद किए। शहीद कौशल यादव ने कारगिल युद्ध के दौरान देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देकर भारत मां की रक्षा की. उनका बलिदान भिलाई और देश के युवाओं के हृदयों में देश प्रेम की ज्वाला भरता रहेगा> उनकी शहादत को देश कभी नहीं भूल पायेगा. इस दौरान मौक़े पर शादीद कौशल यादव की माँ भी उपस्थिति रही. जिनका चरण छूकर विधायक श्री यादव ने प्रणाम किया। उनका कुशल क्षेम जाना. हर साल विधायक देवेंद्र यादव यहाँ आते है, पुष्प अर्पित करते है। गौरतलब है कि इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है।

जिले में अब तक 310.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

दुर्ग, 26 जुलाई । जिले में 01 जून से 25 जुलाई तक 310.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 539.1 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 202.9 मिमी बोरी तहसील में दर्ज की गई है।

श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल में बेहतर शिक्षा के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

कवर्धा, 26 जुलाई। स्थानीय श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, कवर्धा में सी.बी.एस.ई. में दिनांक 25/07/2024 को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत लर्निंग आऊटकॉम एवं पेडॉगौजी विषय पर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य प्रवक्ता के रूप में बिलासपुर सकरी, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या श्रीमती अरूणा पाण्डेय एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में अभ्युदय स्कूल, कवर्धा के उपप्राचार्य श्री एफआर.खान, सह विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम. शारदा, विद्यालय के प्रबंधक श्री आदित्य चन्द्रवंशी एवं बेमेतरा शास. महाविद्यालय के प्राचार्य श्री पी.पी.चन्द्रवंशी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में लोरमी, बिलासपुर, मुंगेली, बेमेतरा और कवर्धा के विभिन्न स्कूलों से लगभग 59 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के प्रथम सत्र के वक्ता के रूप में ही एफआर.खान ने (समस्या) की पहचान से सत्र का आगाज़ किया, साथ ही उसमें समाधान पर भी परिचर्चा थी। जैसे-तैसे सत्र बढ़ते जा रहा था, सहभागी शिक्षक भी सत्र में रूचि ले रहे थे। जिसमें प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप भी, जो लर्निंग आऊटकम से संबंधित थे, किए गए अपने उद्बोधन के अंत में मान्यवर द्वारा ब्लूम टेक्सोनॉमी पर भी विशिष्ट परिचर्चा आयोजित की गई। तद्उपरांत सभी शामिल प्रतिभागियों के लिए लंच की व्यवस्था की गई।कार्यक्रम के दूसरे सत्र में श्रीमती अरूणा पाण्डेय द्वारा सभी शिक्षकों को पीआरटी, पीपीटी, टीजीटी, पीजीटी वर्ग में विभाजित करके, पी.पी.आर.टी. का पपेट शो, पीआरटी को अपने आसपास के अर्थात् एक्सपर्ट लर्निंग एवं टीजीटी व पीजीटी के लिए केस-वेस एवं लैब आधारित कार्य दिए गए, जिसे सभी ने अलग-अलग ग्रुप में संपादित किए।कार्यक्रम के अंत में सी.बी.एस.ई. द्वारा नामित प्रवक्ता श्रीमती अरूणा पाण्डेय एवं श्री एफ आर. खान को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। विद्यालय की प्राचार्या पाठ्यक्रम के विषय में कहा गया की इस तरह का कार्यक्रम शिक्षकों को प्रेरित करने के लिए बहुत ही श्रेष्ठ माध्यम है। और इस तरह का कार्यक्रम शिक्षकों को जागरूक करने हेतु समय-समय पर स्कूलों में आयोजित होते रहना चाहिए।

पॉवर लिफ्टिंग में छग की टीम को दूसरा स्थान

भिलाई, 26 जुलाई। दिनांक 21 से 26 जुलाई 2024 तक इंदौर (मध्यप्रदेश) में चल रही राष्ट्रीय मास्टर्स पॉवरलिफ़्टिंग प्रतियोगिता के टीम चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम को अंकों के आधार पर दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है । इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम के पदक विजेता खिलाड़ियों में पुरुष वर्ग केटेगरी से ~अखिलेश पांडेय (66 किलो वर्ग, मास्टर-3 में ब्रांज़ मेडल), नश्क़र टंडन (93 किलो, मास्टर-3 वर्ग में सिल्वर मेडल), पतंजलि झा (105 किलो वर्ग, मास्टर-3 में सिल्वर मेडल), महिला वर्ग से-श्रीमती पद्मिनी शर्मा (84+किलो वर्ग, मास्टर-1 में ब्रांज़ मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है । छत्तीसगढ़ टीम की इस सफलता के लिए टीम के खिलाड़ी कोच/मैनेजर/रेफ़री त्रिलोक सिंह, संतोष कुमार, महेश पटेल, श्री विजय ततोड़े, बीएम ठाकुर, नामदेव साहू, आरके पांडेय, राकेश कुमार नायक, सुरेन्द्र कुमार रावत, कृष्णा साहू एवं समस्त पॉवरलिफ़्टरों, छत्तीसगढ़ पॉवरलिफ़्टिंग संघ के अध्यक्ष बीएल चंदवानी, कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी सोनी, संघ के संरक्षक जी सुरेश एवं समस्त पदाधिकारियों की तरफ़ से बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित किया गया है ।

शहर में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए बैठक हुई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में दुर्ग जिले के अंदर वायु गुणवत्ता बेहतर हो इसके संबंध में भोपाल से आये पर्यावरण अधिकारी डॉ. वाय के शक्सेना द्वारा बैठक ली गई। इसमें आयुक्त नगर निगम भिलाई, दुर्ग, रिसाली एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी जामुल, उतई, कुम्हारी, आई.आई.टी विभाग के प्रोफेसर, परिवहन एवं पर्यावरण विभाग के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। नगरीय निकाय क्षेत्रो में वायु की गुणवत्ता शासन के मानक अनुसार कैसे सुधारी जाये, इस पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होने बताया कि वायु गुणवत्ता खराब होने से स्वास्थ्य के उपर बहुत विपरित प्रभाव पड़ रहा है। विभिन्न प्रकार की बिमारियॉ वायु प्रदुषण के कारण हो रही है। हम केन्द्र सरकार द्वारा दिये दिशानिर्देशो के अनुसार कार्य करना होगा।

एक नजर

आम जनता के लिए निराशाजनक बजट:भोलाराम साहू

छुरिया 26 जुलाई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना सातवां बजट पेश किया है जिस पर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह निराशा जनक बजट है जनता के विश्वास को तोड़ने वाला बजट है देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है लेकिन बजट में इसके बारे में कुछ भी नहीं है यह आम जनता के लिए निराशाजनक बजट है या बजट छत्तीसगढ़ राज्य को पीछे धकेल दिया है छत्तीसगढ़ राज्य के लोगों के लिए लोक लुभावाने घोषणाएं की गई है सभी वर्गों के लोगों को ठगने का काम किया जा रहा है आम आदमी के लिए उपयोग में आने वाली डीजल पेट्रोल दामों पर सरकार का नियन्त्रण न होने से सबका जीवन प्रभावित हो रहा है यह बजट पूरी तरह किसानों महिलाओं व आम जनों के लिए लाभदायक नहीं है वही बजट में जमीनी हकीकत से दूर आंकड़े बदलकर सिर्फ गठबंधन को साधने का बजट प्रतीत होता है देश के बेरोजगारों के लिए कुछ भी नहीं है नगरी अर्थव्यवस्था के उत्थान के लिए कोई विशेष प्रावधान इस बजट में नहीं है छत्तीसगढ़ से 10 सांसद होते हुए भी बजट में राज्य के कुछ भी नहीं है मध्यम वर्ग निम्न वर्ग को महंगाई से राहत की कोई योजना नहीं है।

विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला बजट: सोहन साहू

छुरिया 26 जुलाई। केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार की तीसरी पारी का पहला केंद्रीय बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को प्रस्तुत किया युवा मोर्चा अध्यक्ष ने इस बजट को गरीबों को सक्षम बनाने वाला और 2047 में विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला बजट बताया उन्होंने कहा कि यहां बजट अमृत काल के सभी संकल्पना को सिद्ध करने वाला तथा सर्व समावेशी विकासोन्मुखी है और विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है श्री साहू ने कहा कि इस बजट में गांव गरीब किसान युवा महिला नौजवान समेत समाज के सभी तबकों के समग्र विकास का संकल्प हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि और वंचित को वंचन से मुक्त कराने का रोड मैप है मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान करते हुए प्रत्यक्ष कर प्रणाली के संबंध में नई प्रविधानों की घोषणाएं स्वागत योग्य है। युवाओं को 5 साल में 4 करोड़ ,रोजगार मुहैया करने दो लाख करोड़ का प्रावधान, महिलाओं के लिए 3 लाख करोड़ का प्रावधान । 11 लाख करोड़ से आधारभूत संरचनाओं का निर्माण एवं लगभग 3 लाख करोड रुपए गांव के लिए प्रावधान से भारत की तस्वीर बदल देगी।

कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर सचिवों को किया गया निलंबित

राजनांदगांव 26 जुलाई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों की जांच पश्चात जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मेढ़ा के पूर्व सचिव एवं वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत कोल्हापुरी (नवागांव) श्री प्रकाश रामटेके तथा पूर्व सचिव एवं वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत अउरदा श्री मनहरण राउत्रे को पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने एवं उच्च कार्यालयों के निर्देशों का पालन नहीं किये जाने के कारण निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री प्रकाश रामटेके का मुख्यालय जनपद पंचायत डोंगरगढ़ एवं श्री मनहरण राउत्रे का मुख्यालय जनपद पंचायत राजनांदगांव निर्धारित किया गया है। निलंबित सचिवों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव सुश्री सुरूचि सिंह ने मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहला से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार सचिव संलग्न जनपद पंचायत मोहला श्री जितेन्द्र कुमार ध्रुव एवं सचिव ग्राम पंचायत डूमरटोला श्री तिलक राम हेड़ामे को अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने एवं उच्च कार्यालयों के निर्देशों का पालन नहीं किये जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में में सचिवों का मुख्यालय जनपद पंचायत मोहला निर्धारित किया गया है। इसी तरह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार सचिव ग्राम पंचायत आटरा श्री हेमुलाल कोमरे को पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने एवं उच्च कार्यालयों के निर्देशों का पालन नहीं किये जाने के कारण निलंबित किया कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी निर्धारित किया गया है। निलंबित सचिवों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

निधन

मच्छेन्द्र महाले

राजनांदगांव 26 जुलाई। जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव से सेवा निवृत्त हो चुके श्री मच्छेन्द्र महाले का कल 23 जुलाई 2024 की रात्रि को आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय श्री महाले 63 वर्ष के थे। स्वर्गीय श्री महाले श्रीमती राजकन्या महाले के पति और पुत्री श्रीमती चैताली एवं पुत्र श्री गिरीश महाले के पिता थे। स्वर्गीय श्री महाले विगत वर्ष 31 जुलाई 2023 को जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव से सहायक ग्रेड-3 के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके आकस्मिक निधन पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए दिव्यंगत की आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी देने पहुंच रहा जिला प्रशासन:मधुसूदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 26 जुलाई। जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर का आयोजना आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत भर्रेगांव में आयोजित किया गया। शिविर स्थल पर पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, श्री रमेश पटेल, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण किया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया। शिविर में मछली पालन विभाग के हितग्राहियों को आईस बाक्स, मछली जाल, कृषि विभाग के हितग्राहियों को पावर स्प्रेयर, उद्यानिकी विभाग के हितग्राहियों को बीज वितरण किया गया। इसी तरह खाद्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई किया गया। वन विभाग द्वारा शिविर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधों का वितरण किया गया।

पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप जिला प्रशासन जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रही है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर में जिला स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहते हैं, जो अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही समस्याओं का समाधान भी करते हैं। उन्होंने भू-जल के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी को पानी की समस्या से जुझना पड़ सकता है। इस समस्या से निजात के लिए जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के प्रयास किए जा रहे है। इसके लिए आमजन भी आगे आकर जल संरक्षण के कार्य में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने किसानों को धान के बदले अन्य कम पानी की आवश्यकता वाले फसल लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासकीय एवं सामुदायिक भवनों में वाटर रिचार्जिंग तकनीक का उपयोग से जल संरक्षण किया जा सकता है। श्री यादव ने कहा कि घुमंतू पशुओं के कारण फसलों को नुकसान एवं सड़क दुर्घटना से पशुहानि के साथ ही जनहानि भी होती है, जिससे बचने के लिए पशु पालकों को अपने पशुओं को घर पर ही रखना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण में शामिल होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराने का आग्रह किया।

अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जनसमस्या शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों एवं जनसामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवावरण शिविर का आयोजन यहां किया गया है। शिविर में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित हैं। शासन की विभिन्न प्रकार की जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी इस शिविर के माध्यम से दी जा रही है। शिविर में स्टॉल लगाकर लोगों की शंकाओं का समाधान भी किया जा रहा है। जो निराकरण शिविर में हो सकते हैं उसे शिविर में ही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से किसानों को खाद-बीज का वितरण किया गया है। अभी 31 जुलाई 2024 तक खरीफ फसलों का बीमा कराया जा रहा है। उन्होंने सभी किसानों से आग्रह किया कि वे फसल बीमा जरूर कराएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से ग्रामीण स्तर को ईकाई बनाकरके उसका निर्धारण किया जाता है और तत्काल फसल बीमा की राशि का भुगतान भी किया जा रहा है। ऋणी एवं अऋणी किसानों को फसल बीमा का लाभ अवश्य उठाने कहा।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में जिला स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित हैं। सभी विभाग शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ स्टॉल लगाए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से सभी स्टॉल का अवलोकन करने कहा और पात्र होने पर योजनाओं का लाभ लेने कहा। उन्होंने शिशुवती माताओं और गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। इसके साथ ही स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने कहा कि कमजोर शरीर में जल्दी से बीमारियां आती है जिसके बचाव के लिए स्वच्छता और अच्छा भोजन करना जरूरी है। उन्होंने ऊर्जा, प्रोटीन, विटामिन युक्त भोजन लेने कहा। उन्होंने भोजन में दाल, रोटी, हरी सब्जी शामिल करने कहा जो घर पर ही उपलब्ध हो जाती हैं। कलेक्टर ने पानी संरक्षण के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि दुनिया में पीने योग्य पानी 1 प्रतिशत है, जो नदी, तालाब, नहर, वर्षा जल से मिलता है उसे संरक्षित करना बहुत आवश्यक है।

आयुक्त ने की लोककर्म एवं जल विभाग की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 26 जुलाई। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्य एवं पेयजल व्यवस्था की समीक्षा में भूमिपूजन हुये निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ करने व चल रहे कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देने के साथ साथ शहर के सभी वार्डो में अमृत मिशन के तहत लगने वाले शेष नल कनेक्शन पार्षदों से सम्पर्क कर लगवाने के निर्देश दिये।

बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने सर्व प्रथम जल विभाग की समीक्षा कर पेयजल सप्लाई के सबंध में चर्चा कर अब तक काटे गये अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी उप अभियंता अपने अपने वार्ड में सुबह टंकी भरने की स्थिति एवं अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल का सर्वेकर जल विभाग में जानकारी देगे,ताकि नल काटा जा सके, साथ ही भवन भवन अनुज्ञा उपरांत राशि जमा नहीं करने वालो के नल कनेक्शन की भी सूची लेकर काटने की कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कम पानी आने व गंदा पानी आने की शिकायत प्राप्त होती है उसका यथा संभव निराकरण करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि अमृत मिशन के तहत जिन वार्डो में नल कनेक्शन नहीं हुआ है उस वार्ड के पार्षद से सम्पर्क कर नल कनेक्शन देवे। नागरिकों एवं पार्षदों की शिकायतो का भी तत्काल निराकरण करे। उन्होंने कहा कि टंकिया पर्याप्त भरने के पश्चात ही सप्लाई करे, जिससे सभी क्षेत्रों में पर्याप्त प्रेशर से पानी आ सके। वाल्व खोलने संबंधी शिकायतों का भी निराकरण करे। इंटर कनेक्शन के शेष कार्य जल्द पूर्ण करे तथा कई वार्डो में पाईप लाईन विस्तार के दौरान गड्ढे फिलिंग किये गये था, उसकी उखडने की शिकायत प्राप्त हो रही है, उसका शीघ्र निराकरण करे ताकि बारिश में पानी भरने की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अत्यधिक बारिश होने पर बाढ के कारण इंटकवेल में कचरा फसने पर नदी से रॉ वटर लेने में परेशानी हो रही है, जिससे वार्डो में पेयजल सप्लाई बाधित हो रही है, इस संबंध में गोताखोरो की मदद से कचरा हटवाये तथा जल संयंत्र गृह में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे।

निर्माण कार्य की समीक्षा में आयुक्त ने कहा कि 15वें वित्त आयोग, अधोसंरचना मद तथा सांसद, विधायक, महापौर व पार्षद निधि के कार्य जिनका भूमिपूजन हो चुका है उसे तत्काल प्रारंभ कराये, वार्डो में चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाकर कार्य अति शीघ्र पूर्ण करावें। जिन ठेकेदारों के द्वारा कार्य अधुरा छोडा गया है या कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है, उन्हें नोटिस जारी करे, नोटिस उपरांत कार्य नहीं करने पर कार्यादेश निरस्त करे। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिये स्थल चयन सहित अन्य आवश्यक कार्य में तेजी लावे, पार्षदों से भी सम्पर्क करे, ताकि शहर में वृहद रूप से वृक्षारोपण हो सके। उन्होंने शहर के उद्यानों में आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने एस.टी.पी. निर्माण के लिये की जा रही प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने बताया कि शहर के गंदे पानी को शुद्ध करने मोहारा में 26 एम.एल.डी. एवं पारीनाला के पास 15 एम.एल.डी. एस.टी.पी. का निर्माण किया जाना है, जिसकी स्वीकृति के लिये शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। आयुक्त ने कहा कि शासन स्तर पर सम्पर्क कर आगे की कार्यवाही करे। उन्होंने शहर में चल रहे नाला निर्माण की प्रगति की जानकारी लेकर सभी कार्य जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये तथा कहा कि वार्डो के गड्ढे फिलिंग कराये, जिससे बरसाती पानी न भरे इस संबंध में पार्षदों एवं नागरिकों के द्वारा भी शिकायत की जा रही है। गड्ढे के संबंध में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रतिदिन मानिटरिंग करेंगे और गुणवत्ता के साथ कार्य सम्पादित करायेगे। निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगी।

समाचार संक्षेप

नक्सल पीड़ित परिवारों की मांगें पूरा कर रही विष्णुदेव सरकार

डोंगरगढ़ 26 जुलाई। नक्सल पीड़ित परिवारों की हक़ की लड़ाई लड़ने वाले धीरेन्द्र साहू ने बताया है कि प्रदेश के नक्सल पीड़ित परिवारो को पूनर्वास नीति का लाभ नहीं मिल रहा था इस संबंध में प्रदेश के पीड़ित परिवारों के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा से मिलकर नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवारों को नौकरी, आर्थिक सहयता राशि पूनर्वास नीति का लाभ दिलाने ज्ञापन सौपा गया था। मुख्यमंत्री जी ने पीड़ितों की मांग को लेकर हर संभव सहयता करने का विश्वास दिलाया था। मुख्यमंत्री जी की पहल पर सभी जिला मे पूनर्वास समिति का मीटिंग कर पीड़ित को लाभ दिलाने की दिशा मे काम कर रहे है. बीजापुर जिला मे 58 लोगो को नौकरी देने का निर्णय लिया इसे पहले दंतेवाड़ा, कोंडागांव मे पीड़ितों को नौकरी दी गईं जो सहारानीय कदम है। धीरेन्द्र साहू ने कहा की पूनर्वास नीति का सम्पूर्ण लाभ प्रदेश के सभी पीड़ित परिवारों को शीघ्र दिया जाये।

टाटा समूह की निबंध प्रतियोगिता में दीक्षा पटेल, दुर्गेश्वरी वैष्णव, साक्षी साहू प्रथम

राजनांदगांव 26 जुलाई। दीक्षा पटेल दुर्गेशवरी वैष्णव शाक्षी साहू प्रथम। राजनांदगांव टाटा समूह द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धामनसरा में रखा गया था जिसमें 85 छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें कक्षा बारहवीं दीक्षा पटेल प्रथम कक्षा दसवीं दुर्गेशवरी वैष्णव प्रथम कक्षा नौवीं शाक्षी साहू प्रथम रहा स्मार्ट भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका संबंध प्रतियोगिता रखा गया था प्राचार्य अजय मसीह प्रभारी शिक्षक सुभाष साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को बधाई दी।

पुलिस महानिरीक्षक ने नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं थाना बसंतपुर का किया वार्षिक निरीक्षण

राजनांदगांव 26 जुलाई। 25 जुलाई को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज श्री दीपक कुमार झा द्वारा वार्षिक निरीक्षण करने हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर उन्हें सलामी दी गई। तत् पश्चात पुलिस महानिरीक्षक द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर कार्यालयीन दस्तावेज, रिकार्ड, शिकायत जांच, डयजेस्ट आदि देख कर निरीक्षण किया गया। फिर थाना बसंतपुर जाकर थाना का निरीक्षण किया गया जिसमें उनके द्वारा थाना के रिकार्ड रूम, शस्त्रागार, संधारित रजिस्टर, रोजनामचा, लंबित अपराध, लंबित शिकायत, गुम इंसान, लंबित मर्ग, लंबित समंस/वारंट, मालखाना आदि का अवलोकन कर थाना की साफसफाई जवानों के वेशभूषा को देखे साथ ही थाना भवन का भी निरीक्षण किये। महानिरीक्षक महोदय द्वारा लंबित मामलों को किसी भी स्थिति में जल्द से जल्द पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखने समझाईस दिया गया। जवानों को नवीन आपराधिक कानून की जानकारी होना अति आवश्यक है बताया गया, साथ ही थाना बसंतपुर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछ कर निदान हेतु आश्वासन दिया गया। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे कार्यालय का भ्रमण किये एवं कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के समस्त प्रभारियों से रूबरू होकर उनके द्वारा संधारित दस्तावेजों का निरीक्षण किये किये लंबित पत्र का त्वरित निराकण करने के निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, अति0 पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, डीएसपी अजीत ओगरे, डी.एस.पी. श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त शाखा के प्रभारी एवं अधिकारी/कर्मचारी, नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी, थाना प्रभारी बसंतपुर एवं थाना स्टाफ उपस्थित थे।

मुदलियार की अगुवाई में आंदोलन में शामिल हुए सैकड़ों कांग्रेसी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 26 जुलाई। राजधानी रायपुर में कांग्रेस के विस घेराव आंदोलन में शामिल होने कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार के नेतृत?व में सैकड़ों कांग्रेसियों ने बुधवार को कूच किया। प्रदर्शन के बीच मुदलियार ने प्रदेश कांग्रेस अध?यक्ष दीपक बैज जी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत जी व पूर्व मुख?यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की। मुदलियार व उनके साथ राजधानी पहुंचे कांग्रेसियों ने जमकर हल?ला बोला और बारिश के बीच भी विस घेराव के लिए निकले मार्च में शामिल हुए। जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि, प्रदेश में लचर कानून व?यवस?था के चलते जो परिस्थितियां निर्मित हो रहीं हैं वे शांति का टापू कहलाने वाले छत?तीसगढ़ में भाजपा की असफल नीतियों और अकर्मण्यता का नतीजा है। प्रदेश कांग्रेस ने ऐसी सरकार को उसकी जिम्?मेदारी का एहसास दिलाने इस आंदोलन की घोषणा की थी। मुख?यमंत्री विष?णुदेव की सरकार ने प्रदर्शनकारियों को रौंदने की पूरी कोशिश की। उनपर वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। सरकार के इस रवैये ने भी उनकी मानसिकता को स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि, प्रदेश में सामुदायिक सौहाद्र को आघात पहुंचाया जा रहा है। दंगों और मॉब लिचिंग की घटनाएं बढ़ रहीं हैं। यह कतई उचित नहीं है। हत?या, बलात्कार, दुरचार के बढ़ते मामले भी चिंतित करने वाले हैं। महज 6-7 महीनों की भाजपा सरकार ने शांत प्रदेश में कमजोर शासन का जो उदाहरण पेश किया है वह निंदनीय है।इस अवसर पर मुदलियार के साथ विशेष रुप से सिंधी अकेडमी के पूर्व सदस्य अशोक पजवानी पूर्व एल्डर मैन ममराज अग्रवाल जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर पार्षद गामेंन्द्र नेताम जिला महासचिव टुकज साहू जिला पिछड़ा विभाग अध्यक्ष लक्ष्मण साहू जनपद सभापति मोहनीश धनकर जनपद सभापति टींकु साहू सरपंच दिलू साहू तारा साहू जिला आदिवासी अध्यक्ष ललित कुमारे युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरबेज़सिंह माखीजा पूर्व अल्पसंख्यक अध्यक्ष राजिक सोलंकी शहर पिछड़ा विभाग अध्यक्ष वीरेन्द चंद्राकर राकेश चंद्राकर युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राहुल साहू लेकु यादव अभिषेक यादव अमित कुशवाह गजेंद्र सिंह राजपूत हेमचंद यादव।विक्की साहू चंपा साहू पिंटू चौहान जितेंद्र कौसिक सोनू साहू रोशन सोनकर लिखन साहू नासिर ख़ान दानिश ख़ान सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक वार्डो में शिविर का आयोजन

राजनांदगांव 26 जुलाई। नागरिकों की समस्याओं का निराकरण के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त 2024 के मध्य जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन करने निर्देशित किया गया है, निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने निगम सीमाक्षेंत्र के वार्डो में शिविर आयोजित करने अधिकारियों व कर्मचारियों दायित्व सौपा है। शिविर के नोडल अधिकारी उपायुक्त श्री मोबिन अली एवं सहायक नोडल अधिकारी उप अभियंता श्री दीपक महला रहेगे। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा नागरिकों के समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिये जन समस्या निवारण पखवाड़ा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजन करने निर्देश दिये है, निर्देशानुसार निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत 27 जुलाई शनिवार को मोतीपुर सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 1,2,3,4 व 8 के लिये प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगे। इसी प्रकार 29 जुलाई सोमवार को चिखली स्कूल में वार्ड नं. 5,6,7,9 व 10 के लिये शिविर, 30 जुलाई मंगलवार को बापू प्राथमिक शाला स्टेशन पारा में वार्ड नं. 11,12,13,14 व 15 के लिये शिविर, 31 जुलाई बुधवार को ठा.प्यारेलाल स्कूल में वार्ड नं. 16,17,18 व 19 के लिये शिविर, 1 अगस्त गुरूवार को रेवाडीह स्कूल सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 20,21 व 22 के लिये शिविर, 2 अगस्त शुक्रवार को कौरिनभाठा स्कूल में वार्ड नं. 42,43,44,45 व 46 के लिये शिविर, 5 अगस्त सोमवार को पुत्रीशाला में वार्ड नं. 23,24 व 37 के लिये शिविर, 6 अगस्त मंगलवार को भरकापारा स्कूल में वार्ड नं. 25,26 व 27 के लिये शिविर, 7 अगस्त बुधवार को लखोली सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 28,29,30 व 31 के लिये शिविर, 8 अगस्त गुरूवार को लखोली प्राथमिक शाला में वार्ड नं. 32,33,34 व 35 के लिये शिविर, 9 अगस्त शुक्रवार को इंदिरा नगर स्वास्थ्य विभाग पानी टंकी में वार्ड नं. 36,38,39,40,41 व 48 के लिये शिविर एवं 10 अगस्त शनिवार को नल घर मोहारा में वार्ड नं. 47,49,50 व 51 के लिये शिविर का आयोजन किया गया है।

कांग्रेसियों ने सुझाव देते पीडब्लूडी को ज्ञापन सौंपा

शहर की अनिवार्य आवश्यकता व आम लोगों को हो रही असुविधा को दूर करने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 26 जुलाई। शहर की अनिवार्य आवश्यकता व आम लोगों को हो रही असुविधा के निराकरण की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग डोंगरगढ़ को ज्ञापन सौंप शीघ्र निराकरण की माँग की है।

ज्ञापन में उल्लेख है कि हमारा शहर डोंगरगढ़ लगातार विकास की ओर अग्रसर है। धर्मनगरी में आने-जाने वाले भारी वाहन, मालवाहक, दर्शनार्थी, पर्यटक सभी की संख्या में खासी वृद्धि हुई है। चूंकि डोंगरगढ़ के मुख्यमार्ग में कुछ अनिवार्य सुविधाओं की आवश्यकता है, जो कि डोंगरगढ़ के नागरिकों एवं आने वाले सभी आगन्तुको का मार्ग प्रसस्त करेगी तथा दुर्घटना से सुरक्षा प्रदान करेंगी।

अनिवार्य आवश्यकतायें निम्नानुसार है। साइन बोर्ड ~ खैरागढ़ से चिचोला मार्ग, नये अस्पताल के सामने, इण्डेन गैस एजेंसी के पास मुख्य मार्ग के सभी स्कूलो के सामने, गर्ल्स स्कूल रोड, हाईस्कूल सब्जी मंडी के सामने तहसील कार्यालय के पास,बोरतलाव थाना चौक ओवरब्रीज के पास, (डिवाइड रोड के लिए), मुरमुन्दा के पास, अंडरब्रीज के नीचे उक्त सभी बोर्ड में डोंगरगढ़ के मुख्य स्थानो का नाम अंकित किया जाए जैसे रेल्वे स्टेशन, मां बम्लेश्वरी मंदिर इत्यादि।

(2) स्पीड कंट्रोल बोर्ड ~ शहर के सभी मुख्य स्थानो पर तथा राजनादगावं की ओर से आने वाले भारी वाहन मां बम्लेश्वरी मंदिर के सामने से गुजरते है, और गौशाला के समीप लगे पोल पर अटक जाते है, इसलिये इनका शहर में प्रवेश न हो, मुरमुन्दा से आने वाले वाहनो के लिये के लिये स्वागतम होटल के सामने तथा कालकापारा से आने वाले वाहनो के लिये नरेन्दर सॉ मिल के सामने वेरीकेट लगाया जाये।

(3) शहर के सभी मोड़ पर एवं सार्वजनिक स्थल पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण किया जाए।

(4) मुख्य मार्ग पर सफेद पट्टी से मार्ग चिन्हांकित किया जाए।

(5) भारी वाहन के दबाव के कारण तथा बरसात से हुए गढ?ढे को भरा जाए। अनिवार्य आवश्यकता व आम लोगों को हो रही असुविधा के निराकरण की मांग करते शीघ्र अमल करने की अपील की गई है। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रकाश महानदी, बन्टी गुप्ता, तरुण फुले सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संपादकीय

कोई कुछ आरोप, कोई कुछ आरोप लगा रहा

विपक्ष की आदत है संसद मे किसी न किसी बहाने हंगामा करना और संसद न चलने देना। वह पिछले दस साल से यही कर रहा है। रोज वह संसद को न चलने देने के लिए कोई न कोई बहाना ढूंढ लेता है। रोज उसे कोई न कोई बहाना मिल भी जाता है। जिस दिन कोई बहाना नहीं मिलता है तो वह किसी भी मुद्दे पर आरोप लगाता है ओर उस मुद्दे पर सरकार या मंत्री की बात सुने बगैर वह संसद का बहिष्कार कर देता है, उसके बाद संसद के बाहर हंगामा करता है। विपक्ष के इस रवैये को देखते हुए तो ऐसा लगता है कि जनता ने उसे संसद में हंगामा करने के लिए ही भेजा है। जनता ने इस बार विपक्ष को पहले से कुछ ज्यादा सीटें दी है ताकि वह संसद में जनता से संबंधित मुद्दे गंभीरता से उठाए और उस पर सार्थक बहस कर साबित करें सरकार कहां पर गलत है, सरकार की किसी नीति में क्या कमी है, उसे कैसे दूर किया जा सकता है। मोदी सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश किया तो विपक्ष को बजट में क्या कमी खामी है बताना है, उससे देश को जनता को राज्य को क्या नुकसान होगा बताना चाहिए। साथ ही उसे यह भी बताना चाहिए कि वह बजट पेश करता तो उसका बजट कैसे इस सरकार से बजट से बेहतर होता। पीएम मोदी का बजट ऐसा है कि विपक्ष उसकी कोई सार्थक आलोचना नहीं कर सकता इसलिए उसने आरोप लगाया है कि बजट में राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। उसे यह भी बताना चाहिए कि सरकार ने बजट में किस राज्य के साथ किस तरह का भेदभाव किया है। उसने ऐसा कोई उदाहरण तो पेश नहीं किया कि इस राज्य के साथ सरकार ने इस तरह का भेदभाव किया है। उसका एक ही आरोप है कि बिहार व आंध्र को जितना दिया गया, उतना सब राज्यो को नहीं दिया गया। विपक्ष को मालूम होना चाहिए कि बजट में राज्यों को जो कुछ दिया जाता है, वह राज्य के आकार, जनसंख्या, उसकी भोगोलिक स्थिति, उसकी जरूरत के हिसाब से दिया जाता है। ऐसे में स्वाभाविक है कि बड़े राज्य को ज्यादा मिलेगा और छोटे राज्य कम मिलेगा। इसे राज्यों के साथ भेदभाव नहीं कहा जा सकता। विपक्ष का यह आरोप भी गलत है कि यह बजट सरकार बचाओ बजट है। क्योंकि विपक्ष की सरकार होती और उसे समर्थन देने वाले दल जो मांग करते वह भी देती। साझा सरकारों में तो सरकार को बनाए रखने के लिए इस देश में क्या कुछ किया गया है.यह तो सारा देश जानता है। यूपीए के समय तो सरकार को बचाने के लिए सरकार का समर्थन करने के लिए सरकार का समर्थन करने वालों को भ्रष्टाचार करने की खुली छूट दे दी गई थी और इसी भ्रष्टाचार की वजह से यूपीए सरकार को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। मोदी सरकार ने यूपीए सरकार की तरह सरकार का समर्थन करने वालों दलों को भ्रष्टाचार करने की खुली छूट नहीं दी है। उसने वही किया है जो किसी भी तरह से गलत नहीं कहा जा सकता। बजट में किसी राज्य के विकास के लिए पैसे देना किसी तरह से गलत नही है। क्योंकि राज्य के विकास से ही तो देश का विकास होता है। मोदी सरकार ने आंध्र व बिहार को जो पैसा दिया है, वह भी तो ऐसा नहीं है कि पूरा खजाना ही दोना राज्यों को दे दिया गया है। 47 लाख करोड़ के बजट में आंध्र व बिहार को जितना पैसा दिया गया है, वह कुल बजट का एक प्रतिशत भी नहीं है। इसका मतलब साफ है कि बाकी पैसा देश के दूसरे तमाम राज्यों को दिया गया है। यह कहना भी गलत है कि बजट में दूसरे राज्यों की उपेक्षा की गई है क्योंकि केंद्र सरकार की तरफ से जो काम कराए जाते है, उसका फायदा राज्यों को भी होता है। चाहे सड़क बनाई जाए, हाइवे बनाई जाए, एम्स बनाया जाए, एयरपोर्ट बनाया जाए, तीर्थस्थलों का विकास किया जाए,यह सब तो राज्यों में ही बनाए जाते हैं। सभी राज्यों का विकास होता है तो ही देश का विकास होता है। सभी राज्य विकास करेगे तो ही मोदी सरकार का विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। विपक्ष बजट को लेकर कनफ्यूज है, वह केंद्र में कहता है कि आंध्र व बिहार को ज्यादा दे दिया है, जबकि उसके राज्य संसठन कहते हैं कि बिहार व आंध्र को तो कुछ मिला नहीं है। इससे यह पता चलता है कि विपक्ष बजट पर आरोप लगाने के नाम पर कुछ भी आरोप लगा रहा है।केंद्र में कुछ आरोप लगा रहा है और राज्यो में कुछ आरोप लगा रहा है। इससे विपक्ष की साख ही केंद्र व राज्यों कम होती है, लोगों को समझ नहीं आता है विपक्ष केंद्र में सही कह रहा है या राज्यों में सही कह रहा।

सावन पर विशेष

सुभाष आनन्द

विश्वनाथ की अनुपम नगरी काशी

काशी एक पुराना शहर है साथ ही यह भारतीय संस्कृति की धड़कन एवं अस्मिता का भी प्रतीक है। कई लेखकों ने काशी के बारे में बहुत कुछ लिखा है लेकिन सुनीति कुमार चैटर्जी के शब्दों में काशी के सौंदर्य की छाप विश्व की प्रसिद्ध नगरियों जैसे रोम, ऐथेन्स, टामरिक और ऑक्सफोर्ड से ज्यादा प्राणवान है। इन नगरियों की अपेक्षा काशी का अस्तित्व विराट और महत्वपूर्ण है। पंडित जवाहर लाल के शब्दों में काशी अखण्ड इतिहास की नगरी है यह बात तो दिल्ली को भी प्राप्त नहीं। नई दिल्ली, दिल्ली का आठवां स्वरूप है। काशी प्राचीन नगरी है। दमिश्क के समकक्ष आज से 3000 वर्ष पहले महात्मा गौतम ने भी भारत में काशी को अपना सांस्कृतिक पीठ चुना था। पुराविदों के अनुसार ईसा पूर्व 1200 वर्ष पहले से पहले काशी का अस्तित्व था। गौतम बुद्ध, आदिनाथ, शंकराचार्य, चैतन्य, संत कबीर, स्वामी रामानन्द, महाप्रभु बल्लभाचार्य, संत तुलसी दास, संत रैदास, गुरू नानक देव जी ने काशी में साधना और तत्व ज्ञान की प्राप्ति की। रामकृष्ण परमहंस को काशी में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उल्लेखनीय है कि काशी अनादि नगरी और ज्ञान की पुरी रही है। विश्व के समस्त विद्वान अपने आप को आधा अधूरा मानते हैं जब तक काशी में आकर अध्ययन न कर ले। दूसरे शब्दों में काशी मंदिरों की नगरी है। प्रायः हर घट शिवालय और प्रत्येक चौराहा किसी देवती देवता का देवरा या चौरा है। प्रायः ऐसा कहा जाता है कि भूत पावन शंकर भगवान को दो स्थान काशी और कैलाश बड़े ही प्रिय लगते हैं उन्हें काशी अति प्रिय होने के कारण कैलाश जैसे रम्ण्य स्थान को छोड़कर गंगा समेत काशी आना पड़ा था, पुण्य सलिला गंगा ने अपने प्रवाह में अनेक बार अपना प्रवाह स्थान बदला है परन्तु वह शंकर भगवान की कृपा से काशी में स्थिर है। शिव जी के मस्तिष्क पर शोभायमान अर्द्धचन्द्राकार जैसा उनका स्वरूप है। काशी में गंगा का यह सौंदर्य अतुल्य है। काशी के घाटों को गंगा जी ने कभी छोड़ा नहीं है मत्स्स पुराण में भगवान शिव स्वयं वाराणसी का वर्णन करते हुए कहते हैं

वाराणसी नदी पुण्या सिद्धगंवर्ध सेवित।
प्रवस्य त्रिपयागंगा तस्मित होत्रे ममप्रिये।।

सिद्ध गंधर्वों से सेवित पुण्य वाराणसी जहां गंगा से मिलती है वह मुझे प्रिय लगती है। गंगा के बाएं तट पर बसा हुआ यह शहर हर-हर बम बम महादेव , काशी विश्वनाथ गंगे की आवाज और विश्वनाथ मंदिर के पट खुलने से जागता है। बिस्मिल्ला खां की शहनाई से उसकी निद्रा टूटती है और किशन महाराज के तबले की थाप पर लोग क्रियाशील होते हैं। काशी के चरित्र में पूणर्रूप से विवधत्त है अनेकता में एकता साफ दिखाई देती है। मनीषियों ने जहां काशी को आनन्द कानन माना है वहीं महाश्मशान की संज्ञा भी दी गई है। यहां शवदाह भी बैंडबाजों के साथ किया जाता है। गंगा के किनारों का निर्माण राजाओं, धनाढ्य और सेठों ने किया है जो अति सुंदर है। यह घाट छः मील के क्षेत्रफल में फैले हुये हैं। प्रातः काल सुनहरी धूप में चमकते मंदिर मंत्रोच्चार गायत्री मंत्र वाले पुरुषों और पूजा पाठ में लीन महिलाओं के साथ दिन चढ़ता है। गंगा में तैरते फूलों और दीपों की शोभा कुछ निराली ही दिखाई देती हैं प्रायः की भांति प्रत्येक सायं व रातों को घाटों की अपनी रोचकता है। बड़े-बड़े घंटों की आवाज की गूंज में गंगाजी की आरती अति सौन्दर्य लगती है। हमारे गाईड ने हमें बताया कि काशी में गंगा पर कुल 76 घाट बने हुये हैं लेकिन इन घाटों में हरिश्चन्द्र, पंचगंगा, मणिकार्णिकन्द, दशामेघ और वरुण घाट मुख्य है। प्रत्येक घाट के साथ कोई न कोई कहानी जुड़ी हुई है। वाराणसी-वरुणा और अभी नदियों के बीच बसा वाराणसी। बनारस जहां सदा रस बरसता है। पुरातन काल से काशी विद्या का प्रमुख केन्द्र रहा है। काशी में आज तीन से भी ज्यादा विश्वविद्यालय है। तुलसी दास ने ठीक ही लिखा है-

मुक्तिजन्म महि जानि, ज्ञान खानि अधहानिकर।

जहां बस शुभ भवानी, सो काशी से इअकस नाही।।

महर्षि वेदव्यास ने वेदों को यही चार भागों में बांटा था और श्रीमद भागवत व अठारह पुराणों की रचना की थी। महर्षि अगस्त, महर्षि पतंजलि की तपोभूमि इस परम्परा में आज भी जीवन्त किए हैं। सहस्त्रो साधु संत, तीर्थ, मठ, आश्रम मंदिर काशी में अनेकानेक हैं। इसलिए काशी देश की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में जानी जाती है। काशी में हर सम्प्रदाय के सन्यासी व संत है। कुछ साधुओं में से पंचमारा दंडी स्वामी है। इसके 37 मठ काशी में है। छठी शताब्दी का स्थापित जंगमवादी मठ काशी का प्राचीन मठ है। काशी विश्वनाथ मंदिर की पूजा का अधिकार इस मठ को है।

देवाधिदेव महादेव की नगरी काशी द्वादश ज्योतिर्लिंगों के स्थानों में से एक हैं। यह 51 शक्तियों में से एक शक्तिपीठ विशालक्षी मणिकाणिर्का घाट पर है वैसे काशी में चार विश्वनाथ मंदिर बताए गए हैं परन्तु मुख्य मंदिर अविमुक्तेश्वर प्रांगण में स्थित काशी विश्वनाथ का मंदिर है। मंदिर का पट बाह्य वेला में तीन बजे खुल जाता है और रात्रि को 12.00 बजे बंद होता है। इस बीच कुछ पांच आरतियां तथा मंगला, भोग, संध्या, श्रृंगार और शयन आरतियां होती हैं। आरतियों के समय पुजारियों को छोड़कर अन्य लोगों के लिए गभर्गृह में प्रवेश वर्जित है। शेष समय में भक्त गभर्गृह में दशर्नार्थ आ जा सकते हैं। आरती का दृश्य अत्यन्त रोमांचकारी होता है। पुजारियों का समवेत स्वरों में मंत्रोच्चारण और अन्त में कर्पूर गौर करुणा वतारम का सस्वर मंत्र पाठ से मन को अपार शक्ति मिलती है और भक्तों में होड़ लग जाता है आरती पाने और श्री विश्वेश्वर के दर्शन की। आरती के समय को छोड़कर बाकी समय शिवलिंग गंगाजल बेलपत्र माला फूलों से ढंका रहता है। शिवरात्रि, रंग भरी एकादशी और अन्नकूट पर्व पर मुख्य शिवलिंग जिसके चारों तरफ सोने की जलघरी और चांदी का चौकार घेरा है शिवलिंग सोने के जलघरी में है। धार्मिक दृष्टि से पंचकोशी यात्रा का बहुत महत्व है। कर्दमश्वर, भीमचड़ी, रामेश्वरम पंच पांडव और कपिलधारा ये पांच पड़ाव है। गुप्तकाल में श्री विश्वेश्वर मंदिर का भव्य निर्माण हुआ था। 1110 ई. से 1669 तक मंदिर को तोड ? का काम मुस्लिम शासकों द्वारा लगातार चलता रहा। मंदिर टूटता रहा पुनः बनता रहा। मुगल शासकों में कुतुबुद्दीन ऐबक, शाहबुद्दीन गौरी, इल्तुनमिश, फिरोज तुगलक, सिकंदर लोदी और औरंगजेब ने काशी के मंदिरों को जमीदोज कर दिया था। 2 अक्टूबर 1669 को औरंगजेब ने काशी के मंदिर को पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया था। वतर्मान मंदिर 1780 में अहिल्याबाई ने बनवाया था। महाराजा रणजीत सिंह ने 1839 में 875 किलो सोना चढ़ाया था। मैंने देखा कि काशी में लघु भारत का सहज ही दर्शन होता है। दक्षिण भारतीय, बंगाली, मारवाड़ी, महाराष्ट्रीय, गुजराती, पंजाबी, हरियाणी, उत्तर प्रदेशी इत्यादि विविध भारतीय लोग नया संदेश दे रहे हैं। काशी की सरजमी कुछ निराली ही नजर आती है। अस्सी घाट से लेकर राजपाट तक घाटों की श्रृंखला के अद्भुत नजारे देखने को मिलते हैं जहां गरीब से करोड़पति हर-हर महादेव शंभों के मंत्रों से गंगा में स्नान कर और विश्वनाथ व माँ अन्नपूर्णा का दर्शन कर अपने आप को भाग्यशाली मानता है। मुस्लिम लोगों की भी शिव शंकर भोले बाबा में पूर्ण आस्था देखने को मिलती है।

मिर्जा गालिब ने 1827 ई. में इस शहर को चिरागे ढेर मंदिर का दीया कहा था और कई शायर इस काशी की सुंदरता के कहे थे।

त आल अल्लाह बनारस चश्मे-ए-बद्दूर।
विहिश्त-ए-खुर्रम-ओ फिरदौस ए मासूर।।

अभिप्रायः बनारस एक हरा भरा शहर है यह स्वर्ग जैसा दिखाई देता है, अल्लाह इसे बुरी नजर से बचाए।

इबादत रवाना-ए- नाक सियानबस्त।
हमाना काब-ए-हिन्दुस्तान।।

अभिप्राय बनारस शंख बजाने वालों का उपासना घर है और हिन्दुस्तान का काबा है।

खाक भी जिस सरजमी की पारस है।
शहर मशहूर वह बनारस है।।
एक कवि ने तो यहां तक लिखा है-
चना चबेना गंगा जल जो पुखै कवार।
काशी कनि न छोडि ? विश्वनाथ दरबार।।

हमारे गाईड ने बताया कि जितना आप काशी का सफर करते जाएंगे आप यहां के हो जाएंगे। काशी हिन्दू धर्म का जीता जागता संग्रहालय है। काशी के जीवन में संतोष एवं मस्ती है। हर व्यक्ति शिव रंग में रंगा हुआ है। इसे मंदिरों का शहर के नाम से जाना जाता है। यहां का हर नर-नारी एवं बूढ़े बच्चे शिव भक्ति में प्रातः से सायं तक मग्न रहते हैं। बूढ़े यहां मोक्ष प्राप्ति के लिए प्रायः आते रहते हैं। काशी मोक्षद्वार भी है।

(विभूति फीचर्स)

आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको सकारात्मक माहौल में काम करने का मौका मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप कोई नया काम शुरू करेंगे। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आप दूसरों की मदद करने की हर संभव कोशिश करेंगे। आपकी किसी परिवारिक समस्या का निवारण होने से आपको बहुत सुकून मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ कहीं धार्मिक यात्रा पर जाएंगे। आपकी यात्रा शुभ फलदाई साबित होगी।

वृष राशि-आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज कोई खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की प्रतीक्षा आज समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी। किसी कार्य योजना के कारण आपको दूर की यात्रा करनी पड़ेंगी। आज आपके घर के सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लवमेट आज कहीं घूमने जाएंगे।

मिथुन राशि-आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं, आपकी सैलरी बढ़ सकती है। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। मित्रों से हर संभव सहायता मिलती रहेगी। आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। आप परिवार के साथ कहीं मनोरंजक यात्रा पर जा सकते हैं।

कर्क राशि-आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर का अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। संतान को लेकर उलझने दूर होगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आज आप किसी तरह के वाद-विवाद में पड़ने से बचें। आज आप कोई प्रॉपर्टी खरीदने का मन बनायेंगे। परिवार वालों के साथ विचार विमर्श करेंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने निजी जीवन में चली आ रही उलझनों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी का प्रयास कर रहे लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है। राजनीति से जुड़े लोगों का रुतबा बढ़ेगा। आज आप किसी सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं। लोग आपके विचारों से प्रभावित होंगे। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है। लवमेट से आज उपहार मिलेगा, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कन्या राशि-आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आज आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। जिससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे। आज आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके लिए आमदनी के योग बनेंगे। संतान को लेकर अच्छे परिणाम मिलेंगे। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। आपको कम्युनिकेशन के माध्यमों से लाभ होगा, और आप तरक्की करेंगे।

तुला राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी। अचानक आपके सामने कुछ चुनौतियां आएंगी, लेकिन आप आसानी से उनसे बाहर निकल जायेंगे। पारिवारिक माहौल शांतिपूर्ण रहेगा। आपको घरवालों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी कुछ नये लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से आपको सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आप अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे और परिवार को समय कम दे पाएंगे। लेकिन आप अपने काम और परिवार के बीच बैलेंस बना कर चलेंगे। जिससे घर में सभी आपसे खुश रहेंगे। आज आपको किसी तरह के कोर्ट कचहरी में मामले में पड़ने से बचना चाहिए।

धनु राशि-आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे। इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपके परिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी। आप अपने जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। व्यापार में उन्नति की संभावना है। आप अच्छी दिनचर्या अपनाकर अच्छा खान-पान रखकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर पाएंगे।

मकर राशि-आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ खरीदारी करने में व्यस्त रहेंगे। घर में कोई फंक्शन होने की संभावना है। कुछ लोग साझेदारी में व्यापार शुरू करेंगे। आज आपके संतान को पढ़ाई के क्षेत्र में उन्नति मिलेगी। जिसे सुनकर आपको खुशी मिलेगी।

कुंभ राशि-आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे। लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा। आज आप सपरिवार किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने का अच्छा मौका मिलेगा। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

मीन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं। आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तो में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी पुराने मामले को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में आएगा। नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं। इस दौरान आपको आपकी मेहनत से अच्छे धन लाभ की संभावना है। संतान को किसी बड़े संस्थान में एडमिशन मिलने की खबर मिलेगी।

बजट कथा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

गांव के बाहरी इलाके में लगे पशु मेले की हवा में ठंड और तंबू की गंध ने सबको अपने रंग में रंग दिया था। इस मेले का खास आकर्षण था–भैंस और गाय। लेकिन इस बार मेला खास था, क्योंकि यहां बजट का लाइव शो चल रहा था ! अब सुनिए, कैसे यह शो गांव के दांवपेंच में बदल गया। गांव के प्रधान जी की भैंस, मुंबई चाची, बिकने के लिए आई थी। चूंकि इस भैंस का नाम अनोखा था, इसे बेचने के लिए दो दलालों की जरूरत थी–सेठ रामु और सेठ बलराम। सेठ रामु ने ग्राहक के लिए भाव बढ़ाने का ठेका लिया था, और सेठ बलराम ने मोलभाव की जिम्मेदारी संभाली थी। भैंस के मालिक, धन्नू काका, ने अपनी भैंस की कीमत 15 हजार रुपये तय की। सेठ बलराम ने हंसते हुए कहा, 15 हजार की भैंस? हजार रुपये में भी मिल जाए, तो भी अच्छा रहेगा ! सेठ रामु ने मौका पाया और खुद को मोलभाव का सीनियर एक्सपर्ट घोषित कर दिया। काका ने कहा, भाई, इतनी कीमत पर बेचूंगा तो घर में चाय भी नहीं बनेगी। अब सेठ बलराम ने दिमाग लगाया और बोला, काका, 15 हजार से ज्यादा नहीं मिलेगी, लेकिन हम ग्राहक को थोड़ा मनाएंगे। फिर क्या था, दलालों ने मिलकर तगड़ी मोलभाव शुरू की। सेठ बलराम ने भैंस के गले में चम्मच लटका दिया, जैसे भैंस के गले का हार उसकी कीमत घटा रहा हो।धन्नू काका ने सोचा, ये तो अपने ही गांव के हैं, और वो भी दो-दो। अब भैंस बिकी तो बिकी, नहीं तो सब लूट ही लूट है।आखिरकार, दलालों ने मिलकर भैंस की कीमत 7 हजार रुपये कर दी। भैंस का मालिक, जो इस पूरे खेल को बस देख रहा था, चिढ़ गया और बोला, ये क्या मजाक है ! मेरी भैंस की कीमत तुम दोनों मिलकर तय कर रहे हो ! सेठ रामु ने बड़ी संजीदगी से कहा, देखिए काका, हम आपकी भैंस के लिए जी-जान लगा रहे हैं। कीमत तो हमारी मेहनत के अनुसार ही होगी।सेठ बलराम ने भी समर्थन किया, हां, हां, काका। आपको क्या, हम इस भैंस को 7 हजार में बेच रहे हैं।धन्नू काका ने गुस्से में कहा, मेरी भैंस, मेरी कीमत, और तुम दोनों ने मिलकर इसे आधी कीमत पर बेच दिया ! क्या मैं तुम्हें बिकाऊ विधायक दिखता हूँ ? दोनों दलाल हंस पड़े और बोले, अरे काका, यही तो लोकतंत्र है। सबके हिसाब से सब कुछ चलता है। हमने ही बजट बनाया है ! काका ने सोचा, मतलब, अब मेरी भैंस ही नहीं, मेरी किस्मत भी इनके हाथ में है। अब हमें कोई समझाए कि यह ह्यभैंस बजट कितना महंगा है ? फिर काका ने भैंस को सौंपा और खुद कोने में बैठकर सोचने लगे, लोकतंत्र और बजट, दोनों का खेल बड़ा मजेदार है–बजट में मैं हूं और मेरी भैंस, और सब लोग अपने हिसाब से कीमत तय कर रहे हैं। इस प्रकार, गांव का यह पशु मेला बजट मेला बन गया और सब लोग हंसते-खेलते चले गए। तो अगली बार जब आप बजट की बात सुनें, याद रखें, कहीं यह बजट भी किसी धन्नू काका की भैंस की तरह न बन जाए।

कई बार पोछा लगाने पर भी नहीं साफ हो रहे दाग

घर को खूबसूरत बनाने के लिए लोग काफी मेहनत करते हैं, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं कमी रह जाती है. ऐसे में अधिकतर महिलाओं की यह शिकायत रहती है कि काफी कोशिश करने के बाद भी उनके घर की टाइल्स से दाग धब्बे निकलने का नाम ही नहीं लेते हैं. अगर आप भी इन जमे हुए दागों से परेशान हैं, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको ऐसी खास टिप्स बताएंगे, जिन्हें फॉलो कर आप दाग धब्बों को साफ कर सकते हैं और टाइल्स को चमकदार बना सकते हैं.

सफेद सिरके का करें इस्तेमाल-जब भी आप पोछा लगाएं, तो पीछे के पानी में एक ढक्कन सफेद सिरका डाल दें. यह एक नेचुरल एसिड है, जो कई तरह के दाग धब्बे हटाने में मदद करता है. इसके अलावा आप एक बोतल में थोड़ा सिरका और थोड़ा पानी मिलाकर भर दें. जहां पर ज्यादा दाग है वहां पर थोड़ा सिरके का पानी डालकर अच्छे कपड़े से उस जगह को पोंछ लें. ऐसा करने से फर्श से दाग साफ हो जाएगा.

बेकिंग सोडा और पानी का पेस्ट-इसके अलावा आप बेकिंग सोडा और पानी का पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को दाग वाली जगह पर लगाएं. कुछ मिनट तक लगा रहने दे, उसके बाद नम स्पंज या कपड़े की मदद से हल्के हाथों से रगड़े. थोड़ी देर बाद पानी से उस जगह को धो दें. इससे टाइल्स पर जमी गंदगी और दाग धब्बे दूर होंगे और टाइल्स चमकदार बनेगी.

नींबू के रस का इस्तेमाल-आप नींबू के रस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. यह नेचुरल क्लींजर माना गया है. आपको एक स्प्रे बोतल में नींबू का रस और थोड़ा पानी मिलाकर भरना है, फिर उस जगह पर स्प्रे करें, जहां पर ज्यादा दाग है. थोड़ी देर तक रुकने के बाद कपड़े से दाग को पोंछ लें. इससे फर्श क्लीन हो जाएगा.

रबड़ के दस्ताने पहनें-इसके अलावा बाजार में मिलने वाले कई प्रोडक्ट का आप इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे फर्श को आसानी से साफ किया जा सकता है. ध्यान रहे जब भी आप टाइल्स को साफ करें, तो हमेशा रबड़ के दस्ताने पहनें, नहीं तो आपके हाथों की चमड़ी निकलने लगेगी.

रोजाना एक टाइम पोछा जरूर लगाएं-कोशिश करें कि रोजाना एक टाइम पोछा जरूर लगाए. इससे ज्यादा गंदगी नहीं होगी और घर साफ-सुथरा दिखेगा. अगर गलती से कोई दाग छूट गया है.

गंभीर मुद्दा

संजीव ठाकुर, चिंतक,

शिक्षा साक्षरता शोषण के विरुद्ध कारगर अस्त्र

देश की महिलाओं, स्त्रियों और बालिकाओं के सक्षम एवं सफल जीवन के लिए एक दीघर्कालिक योजना पर अमल किया जाना चाहिए। स्त्रियों के शोषण,अत्याचार के विरुद्ध पंचवर्षीय योजना की तरह शिक्षा,साक्षरता एवं ज्ञान की वृद्धि के लिए विशेष तौर पर महिलाओं तथा बच्चों के लिए एक विशेष अभियान चलाने की गंभीर आवश्यकता है। बालिकाएं स्त्रियां पढेंगी तभी इतिहास रचेंगी और देश को सशक्त बनाने का प्रयास करेंगीं। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है। भारत की जनसंख्या में पुरुषों के साथ-साथ की स्त्रियों तथा बच्चों की भी जनसंख्या भी बहुत ज्यादा है। देश में स्त्री शोषण की विविधता और धार्मिक कट्टरता को देखते हुए नारियों को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष तौर पर स्त्री तथा बच्चों को बुनियादी शिक्षा तथा साक्षरता की महती आवश्यकता देश में महसूस की जा रही है। स्त्रियां अपने परिवार ,घर और समाज की देखरेख करती हैं अतः उनका शिक्षित होना बहुत ज्यादा आवश्यक भी है, बच्चे देश का भविष्य है अतः उनका शिक्षित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी भी देश के एक सफल नागरिक को होना चाहिए। स्त्री और शिक्षित होंगी तो स्वयं और अपने परिवार को अच्छे बुरे और असामाजिक घटनाओं से सचेत रहने की शिक्षा भी दे सकती हैं जिससे एक सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक आंदोलन की महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि को तैयार किया जा सकता है। भारत में चाहे विकास की बात हो, सावभौमिकता की बात हो,सत्य, अहिंसा की बात हो या बात करोना संक्रमण से बचने की हो,हमें शिक्षा एवं व्यापक साक्षरता की महती आवश्यकता है' जिस तरह जल के बिना जीवन नहीं होता है,उसी तरह साक्षरता और शिक्षा के बगैर मनुष्य का जीवन निरर्थक है' अशिक्षित आदमी ना तो अपने परिवार ना ही समाज के लिए उपयोगी हो सकता है' इसके लिए सबसे पहले हमें स्त्रियों की शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को समझना होगा' शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं' शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है' जिसके अंतर्गत पढ़ना,लिखना, समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है' साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है' साक्षरता सदैव रोजगार मूलक तथ्यों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है' शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है' ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है' सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वतर्मान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की

संख्या बहुतायत में है' ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक

मगरलोड नपं में समस्या बताने पर भी महीनों निराकरण नहीं

- जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को जनसमस्या की कोई परवाह नहीं
- वार्ड क्रं. 2 में नाली नहीं होने से फैली हुई है गंदगी,पार्षद पर अपने फंड की राशि अन्य वार्डो में खर्च करने का है आरोप

मगरलोड 26 जुलाई। नगर पंचायत मगरलोड के जनप्रतिनिधि और अधिकारी कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार करने में मस्त, और नगरवासी समस्याओं से ग्रस्त, जिम्मेदार अधिकारी भी जनसमस्या की ओर ध्यान नहीं देते शिकायत का समाधान करने में विफल दिखाई दे रहें हैं, जब पूरे सिस्टम में भ्रष्टाचार का रंग लगा हो तो,आखिरकार जनमानस अपने शिकायत को लेकर जाएं तो जाएं कहां, एक तरफ प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय जी अधिकारियों को सुषासन की पाठ पढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर अधिकारी जमीनी स्तर पर कुषासन को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं, जी हां हम बात कर रहे हैं नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुडी की, यहां के वरिष्ठ एवं जागरूक नागरिक मोहन चक्रधारी, केवल साहू,बीरेंद्र साहू,मोहन साहू,यादराम साहू, शोभा ध्रुव के अनुसार वार्ड क्रमांक 2 में जहां पर सिंटेक्स लगा हुआ है वहां से याद राम साहू के घर तक नाली निर्माण कार्य बाकी है, नाली नहीं होने से यहां पर पानी और कीचड़ की गंदगी से आसपास रहने वाले परिवारों का जीना हराम हो गया है, इस गंदगी से निजात दिलाने मुख्य नगरपंचायत अधिकारी को दिनांक 10.1.2024 को लिखित में आवेदन दे कर वार्ड वासियों ने समस्या से अवगत कराया गया था, इसके बाद अधिकारी ने कल आकर देखूंगा कहा, लेकिन 7 माह गुजर जाने के बाद भी ना तो अधिकारी आया ना ही किसी कर्मचारी को भेजे, कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रवैए से वार्ड वासी गंदगी और कीचड़ के बीच जीवन बिताने को मजबूर हैं, वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड 2 में एक साल के भीतर सफाई कर्मचारी एक बार भी नहीं आया है,वार्ड पार्षद को इन समस्याओं की जानकारी होने के बाद भी आज तक कोई कारगर कदम इनके द्वारा नहीं उठाया गया है, वार्डवासियों ने जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान हेतु पहल करने की मांग किए है।

इस मामले पर नगर पंचायत के अधिकारी अशोक चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लागू होने के कारण वश कार्य नहीं हो पाया है, नाली का प्राक्कलन तैयार कर कार्य को अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाएगा,

वहीं पार्षद महबूब खान ने कहा कि हमारे वार्ड में आवश्यकता नहीं है जो दो चार लोगों ने आवेदन दिया है उसके संबंध में प्रस्ताव हो चुका है अतिशीघ्र टेंडर लगेगा,

एक नजर

लोगों ने विकास के लिए विधायक अजय चंद्राकर का आभार माना

कुरुद 26 जुलाई। विधायक अजय चंद्राकर ने क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयासरत है. उन्होंने कुरूद में नवीन दुग्ध शीतलीकरण, टिपानी,खुरसेगा,परसवानी और कमरोद प्राथमिक शाला का माध्यमिक शाला में उन्नयन, कुरूद में एलएलबी एवं शासकीय बी एड महाविद्यालय की स्थापना, ग्राम सिर्री में नवीन महाविद्यालय की स्थापना, कुरूद के गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवंभखारा में वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना करवाई. जिसके लिए कुरूद विधानसभा क्षेत्र की जनता विधायक अजय चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया है.

धुर नक्सल प्रभावित कुंदेड़ में 4- जी मोबाइल सेवा शुरू

सुकमा 26 जुलाई। जिले के धुर नक्सल प्रभावित कुंदेड़ में मोबाइल सेवा शुरू हो गई है, यहां %जियो कंपनी का 4जी मोबाइल नेटवर्क शुरू कर दिया है। नियद नेल्ला नार योजना के तहत सुरक्षा कैंपों के आस-पास नेटवर्क कनेक्टिविटी देने की योजना के तहत यहां टावर लगाया गया है। मोबाइल सेवा शुरू होने के बाद इलाके में एवं वहां तैनात जवानों में खुशी है। टावर से मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी का फायदा कुंदेड़ सहित जगरगुंडा, उरसांगल, गोंदपल्ली, दुरनदरभा सहित आस-पास के क्षेत्र को मिलेगा। बीते करीब 1 साल से सुकमा पुलिस ने 14 जगहों पर मोबाइल टावर स्थापित करवाया है। इनमें बाडनपाल, कोत्ताचेरू, पोटकपल्ली, वेलकनगुड़ा, डब्बाकोंटा, टोंडामरका, सुर्रपाल, सिलगेर नाला, जंगमपाल, इडजेपाल, रामाराम, एलारमडगू, - मेखावाया, परिया शामिल हैं।

नक्सलियों ने रामाराम सरपंच को अंतिम चेतावनी के साथ जारी किया मौत का फरमान

सुकमा 26 जुलाई। नक्सलियों के कोण्टा एरिया कमेटी के सचिव मंगडू ने एक के बाद एक दो प्रेस वक्तव्य जारी कर जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के रामाराम ग्राम पंचायत के सरपंच वेट्टी हंदा पर वर्ष 2005 से जनविरोधी काम करने एवे बीमा योजना के नाम से जनता का 3 लाख के ऊपर पैसा बैंक में जमा कर लेने, लोगों का पैसा वापस नही कर 2006 मे जनविरोधी बनकर सलवा जुडूम मे सक्रिय रूप से शामिल होने के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। जो भी वेट्टी हंदा का खिलाफ करेगा उसको पुलिस से गिराफ्तार करवाके जेल भेज देने को धमकी देने का आरोप लगाया है। नक्सनियों ने उपरोक्त सभी आरोपो पर अंतिम चेतावनी जारी करते हुए रिस्तेदारों व परिवार के अलावा किसी समाजिक संगठन से समझाईश देने एवं अपना गलती को स्वीकार करके सुधार करने की चेतावनी के साथ मौत की सजा का फरमान जारी किया है।

नक्सलियों ने आंध्रप्रदेश-तेलंगाना से लौटे 45 परिवारों पर मुखबिरी का आरोप लगाकर दी चेतावनी

सुकमा 26 जुलाई। नक्सलियों के कोन्टा एरिया कमेटी के सचिव मंगडू ने प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा है कि भेज्जी, कोन्टा, पोलमपल्ली, चिंतागुफा, एर्राबोर थाना क्षेत्र के कुछ गांव के कुछ परिवार सलवा जुडूम के दौरान आंध्रप्रदेश, तेलंगाना राज्य में पलायन कर बस गये थे। अब यहां पुलिस कैम्प थाना खुलने व रोड बनने के बाद वापस लौटकर नक्सली गतिविधि कम होना समझकर पुलिस फोर्स के भरोसे सक्रिय रुप से अपना जनविरोधी कार्य करना, हर एक परिवार से पुलिस फोर्स में भर्ती करवाके नक्सलियों के खिलाफ विरोध एवं पुलिस संपर्क में रहकर मुखबीरी का आरोप लगाया है। इनमे करिगुण्डा, कोर्रापाड़, पिड़मेल, कोलाईगुड़ा, तोलनीय, पेन्टापाड़ के हिड़मा पटेल सहित 45 से ज्यादा परिवार को नक्सलियों के विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि अपनी गलती पर क्षमा मांगकर अपने गांव में साधारण रुप से जीवनयपना करने को अपील के साथ चेतावनी दी गई है कि अगर अपनी जनविरोधी कार्य से दूर नहीं होंगे तो उसे सजा दी जायेगी।

कच्चे मकान की दीवार ढहने से एक महिला की मौत, एक घायल

कांकेर 26 जुलाई। अंतागढ़ थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम लामकन्हार में एक कच्चे मकान की दीवार ढहने से घर में सो रही एक महिला रामकुंवर उम्र 50 वर्ष की मौत हो गई, वहीं साथ में सो रही उनकी पुत्री डिकेशवरी उम्र 20 वर्ष घायल हो गई है, जिसका उपचार अंतागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतागढ़ से लगे ग्राम लामकन्हार के आवासपारा में मंगलवार रात 10.30 बजे कच्चे मकान की दीवार गिर गई। इस वक्त घर के भीतर सो रही रामकुंवर पति स्व. हरिराम हिचामी उम्र 50 वर्ष की दीवार के मलबे में दबने से मौत हो गई। बगल में सो रही मृतिका की बेटी डिकेशवरी उम्र 20 वर्ष घायल है। घटना की जानकारी पर आस-पास से लोग एकत्र हुए और जैसे-तैसे कर मलबे में दबी महिला और उसकी बेटी को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि रामकुंवर की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वही घायल बेटी डिकेशवरी को अंतागढ़ अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। पुलिस ने कायर्वाही के उपरांत रामकुंवर का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया गया।

आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन 6 अगस्त तक

धमतरी 26 जुलाई। एकीकृत बाल विकास परियोजना नगरी के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 बिरगुड़ी तथा गुहाननाला में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आगामी 6 अगस्त तक आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि उसी गांव अथवा वार्ड की निवासी, कम से कम 60 प्रतिशत अंकों से आठवीं पास आवेदिका आवेदन के लिए पात्र होंगी। उन्होंने बताया कि सरपंच/सचिव का संयुक्त हस्ताक्षरित बीपीएल राशनकार्ड प्रस्तुत करने पर 6 अंक, अनुसूचित जाति, जनजाति के उम्मीदवारों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर 10 अंक प्रदाय किया जाएगा।

मुस्लिम समाज ने आपदा पीड़ित लोगों के लिए की भोजन की व्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बचेली 26 जुलाई। बैलाडीला क्षेत्र में लगभग एक पखवाड़े से लगातार बारिश हो रहा है। भारी बारिश के चलते 21 जुलाई दोपहर में एनएमडीसी 11 बी में बना एक तट बांध टूट गया और किरंदुल क्षेत्र में पानी ने भारी नुकसान पहुंचाया और हाहाकार की स्थिति निर्मित हो गया। इस आपदा के समय प्रशासन और एनएमडीसी प्रशासन इंटक बहुत सारे लोगो ने मदद के लिए आगे आए। इस विपत्ति के समय बचेली-किरंदुल के मुस्लिम समाज ने भी अपनी भागीदारी निभाते हुए पीड़ित लोगो के लिए भोजन की व्यवस्था की। एसडीएम विवेक चंद्र से समाज की ओर से भोजन पैकेट बांटने की अनुमति लेकर भोजन व्यवस्था किया जिसमे नगर पालिका प्रशासन के सभी कर्मचारियों ने भोजन पैकेट बनाने और वितरण में सहयोग किया। इस दौरान विशेष रूप से किरंदुल पालिका प्रशासन के इंजीनियर सिन्हा, गौरी शंकर तिवारी का सहयोग मिला। भोजन बनाने का कार्य किरंदुल सुन्नी जामा मस्जिद के परिसर में बनाया गया। विदित है की इस अफरा-तफरी के माहौल में कई घरों का किचन व्यवस्था खत्म हो गया था जिसमे बचेली के आफताब आलम ने देखा और सभी लोग को खबर किया जिसमे किरंदुल के सदर जमील खान और नजमुल योगदान दिया गया।

बता दे जमील खान अक्सर समाज सेवा का कार्य के लिए तत्पर रहते है। बचेली से सदर बहाउद्दीन अहमद खजांची बचेली मो मुस्ताक और बचेली के पार्षद फिरोज नवाब ने भी अपना अपना सहयोग दिया और इस तरह से एक आपसी भाईचारा का मिसाल बने जैसा की विदित हो की इससे पहले भी बचेली बैलाडीला में आपदा की हर घड़ी में मुस्लिम समाज हमेशा प्रशासन का सहयोगी रहा है ।बचेली मुस्लिम समाज ने कोरोना काल में 51 हजार रुपए का सहायता राशि जमा कर सहयोग दिया। भोजन व्यवस्था में इंजीनियर सेफुल्लाह,फिरोज रजा,इमरान खान, आदिल खान,फारुख फारूक राजा ने अहम भुमिका निभाई।

बैठक में पंचायत,नगर पंचायत चुनाव में भाजपा को जिताने पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मगरलोड 26 जुलाई। प्रदेश एवं जिला भाजपा के निर्देश पर भाजपा मंडल मगरलोड का बैठक भाजपा कार्यालय मगरलोड में प्रभारी राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा पिंकी शिवराज शाह,मंडल प्रभारी राजेंद्र गोलछा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक की शुरुवात राष्ट्रीय गीत से प्रारंभ हुआ और राष्ट्रगान से समापन हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता के आसंदी से श्रीमती पिंकी शिवराज शाह ने कहा की कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत से प्रदेश और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार बनी है। केंद्र में एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एतिहासिक कार्य हुए हैं वहीं प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पुरे विश्व में भारत का मान बढ़ा है लेकिन दुसरी ओर विपक्ष हमेशा सरकार के विरुद्ध अनर्गल अफवाह फ़ैला कर सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। चुनाव के दौरान भी विपक्ष सरकार के विरुद्ध नेरिटिव फैलाने का प्रयास किया।आप सब कार्यकर्ता एक जूट होकर आगामी पंचायत एवं नगर पंचायत चुनाव जीताने के कमर कस कर तैयार हो जाएं। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है। विधानसभा चुनाव में जारी किए घोषणा पत्र में लगभग अस्सी प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला भाजपा मंत्री एवं मंडल प्रभारी राजेंद्र गोलछा ने कहा कि आप सब कार्यकर्ताओं के सहयोग से आप कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत से पहली बार लोकसभा चुनाव में हम सब मंगरलोड मंडल के पचहत्तर बुथों में लगभग साढ़े तीन हजार मतों से विजयी हुए हैं।आप सब बुथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य करते रहें। भारतीय जनता पार्टी में संगठन का कार्य निरंतर चलते रहता है।आप लोग प्रदेश और जिला नेतृत्व द्वारा दिए कार्यक्रम को करते हुए संगठन को मजबूत करें।

बैठक राष्ट्रीय गीत के साथ प्रारंभ किया गया। बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण का पठन , राजनैतिक प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कार्यकर्ता एवं कार्यकर्ता परिवार से जिनका पिछले दिनों निधन हुआ उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा पिंकी शिवराज शाह,मंडल प्रभारी जिला मंत्री राजेन्द गोलछा,मंडल अध्यक्ष विजय यदु, मंडल महामंत्री रामायण सिन्हा,यवन साहू, मंडल उपाध्यक्ष चित्रसेन प्रजापति,खिलेश साहू,दुर्गा साहू, मन की बात संयोजक जीवराखान साहू,पार्षद नरेश अग्रवाल, झमित सिन्हा,सहित लोकेश साहू, प्रदेश महिला मोर्चा कार्यसमीति सदस्य नंदिनी सिन्हा ,उर्वशी साहू, भानुप्रिया साहू,शांति देवांगन,रूखमणी साहू,भुनेश्वरी ठाकुर, गैंदा साहू, पदमनी साहू, अशोक साहू,मुरली सिन्हा,दिलीप सिन्हा,बेदम चौहान,योगेश्वर सिन्हा, झनेश्वर साहू,फग्गू धृत लहरे, हुकुमलाल सिन्हा,रोहित यादव , लोमश सिन्हा,शशिकांत ध्रुव,गजेंद्र साहू,वासुदेव साहू,पुराणिक ध्रुव,महेश सिन्हा,देवनारायण साहू,मस्त निर्मलकर,विमल ध्रुव,कमलसाहू,सुरेश चेलक,कोमल दीवान, ईशु साहू,तिलक साहू,खुबलाल साहू,रामकुमार साहू सहित देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विभिन्न वारदातों में शामिल दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा 26 जुलाई। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना तथा अति अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव के परिणम स्वरूप नक्सल संगठन में सक्रिय 2 नक्सलियों माड़वी जोगा कोराजगुड़ा आरपीसी डीएकेएमएस उपाध्यक्ष एवं सवलम पुल्ला ग्राम पालागुड़ा डीएकेएमएस सदस्य ने आज आत्मसमर्पण कर दिया है। नक्सलियों को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में नक्सल सेल आसूचना शाखा की टीम व थाना स्टाफ कोंटा का योगदान रहा। दोनों आत्मसमर्पित नक्सली प्रतिबंधित नक्सल में जुडकर विभिन्न नक्सली वारदातों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गो में स्पाईक-आईईडी लगाना, मुख्य मार्गों को खोदकर अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध में नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाना आदि वारदातों में शामिल रहे है। उक्त दोनों आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत् सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय कराये जायेंगे।

पुलिस कप्तान ने की माओवादी रूपेश गावड़े के माता-पिता से मुलाकात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला 26 जुलाई। नक्सल विरोधी अभियान के तहत जिला - मोहला-मानपुर-अं.चौकी में ÷ऑपरेशन प्रयास÷ चलाया जा रहा है। गुरुवार को जिला के पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह के नेतृत्व व मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स डी.सी पटेल के दिशानिर्देश के तहत जिला पुलिस, डीआरजी और इंडो तिब्बत बार्डर पुलिस (आईटीबीपी) के द्वारा जिले के विभिन्न नक्सल प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों और सक्रिय नक्सलियों के परिवारजनों से मुलाकात कर, माओवादियों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। ऑपरेशन प्रयास के तहत रुपेश गावडे उर्फ सुखदेव के माता-पिता और ग्राम के पटेल से मुलाकात किया गया। इस अवसर पर रुपेश गावड़े के माता पिता और ग्राम के पटेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित हुए और पुलिस अधीक्षक ने बुजुर्ग माता पिता के स्वास्थ्य के बारे में जाना। शासन-प्रशासन के योजनाओं के लाभ प्राप्त होने के संबंध में भी जानकारी लिया गया। पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह ने माओवादियों से अपील किया है कि माओवादियों की लड़ाई अंतिम चरण में है । पुलिस फोर्स माओवादियों के गढ़ माड़ में पहुंच चुकी है। अभी भी समय है , समय रहते पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें और आम नागरिक की तरह समाज में जीवन यापन करें। छतीसगढ? शासन विभिन्न योजनाओं के तहत छग पुलिस के द्वारा आत्मसमर्पण करने पर नगद ईनाम, घर, नौकरी, राशन कार्ड, आधार कार्ड, व्यवसाय हेतु ऋण, कृषि हेतु जमीन, स्वास्थ्य बीमा, बस यात्रा में 50त्न छुट, अन्य

कमिश्नर कार्यालय के सभागार में किया गया समारोह का आयोजन

निवर्तमान कमिश्नर श्याम धावड़े को दी गई विदाई

जगदलपुर 26 जुलाई। कमिश्नर कार्यालय में स्थानांतरित कमिश्नर श्याम धावड़े को आत्मीय विदाई दी गई। इस दौरान कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में नवपदस्थ कमिश्नर बस्तर डोमनसिंह, कलेक्टर विजय दयाराम सहित सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, उपायुक्त श्रीमती माधुरी सोम एवं बीएस सिदार तथा विभिन्न विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारी और कमिश्नर कार्यालय परिवार के सदस्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। आरंभ में सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा निवृतमान कमिश्नर श्याम धावड़े को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं नवपदस्थ कमिश्नर डोमनसिंह को पुष्प भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों ने निवृतमान कमिश्नर श्री श्याम धावड़े को स्मृति चिन्ह भेंटकर नए दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर निवृतमान कमिश्नर श्याम धावड़े ने अपने सेवाकाल में बस्तर की पदस्थापना को अविस्मरणीय निरूपित करते हुए कहा कि बस्तर से ही शासकीय सेवा आरंभ होने के फलस्वरूप यहां से जीवंत जुड़ाव है। बस्तर की भौगोलिक परिस्थितियों से भली-भांति परिचित होने के साथ ही यहां के लोगों के साथ भावनात्मक सम्बन्ध है। इसी के फलस्वरूप बस्तर के स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य करने का सौभाग्य मिला और बस्तर की जनता के हितों के लिए श्रेष्ठतम कार्य करने का प्रयास किया। उन्होंने बस्तर संभाग में वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदाय सहित जनजातीय संस्कृति के आस्था केन्द्रों देवगुड़ी-मातागुड़ी, गोटूल, मृतक स्मारक इत्यादि के संरक्षण की दिशा में किये गए सार्थक पहल को रेखांकित करते हुए कहा कि स्थानीय जनजातीय समुदाय के आर्थिक-सामाजिक विकास हेतु कार्य करने की अपार सम्भावनाएं हैं। यहां के लोगों की बेहतरी के लिए अथक मेहनत करने वाले अधिकारियों को बस्तर की जनता सदैव स्मरण करती है। निवृतमान कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने बस्तर विकास प्राधिकरण के माध्यम से बस्तर के समग्र विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों सहित जनजातीय समाज के ताना-बाना पर आधारित पुरखती कागजात एवं विभिन्न जनजातीय समाज के पुस्तकों के प्रकाशन को ऐतिहासिक पहल निरूपित किया। उन्होंने बस्तर में पदस्थ अधिकारियों को यहां की जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप दायित्व निर्वहन करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नवपदस्थ कमिश्नर श्री डोमनसिंह ने कहा कि निवृतमान कमिश्नर श्याम धावड़े बहुत सरल-सहज एवं अनुभवी अधिकारी हैं। यह उनकी कार्य शैली से साबित हुई है। बस्तर के हित में बेहतर काम करने के लिए उनका मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहेगा।

समाचार संक्षेप

केशकाल डाक चौपाल में लोगों को योजनाओं की जानकारी दी

कोंडागांव 26 जुलाई। केशकाल उपसंभाग अंतर्गत डाक विभाग द्वारा डाक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन शाखा डाकघर जामगांव में किया गया इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप मे माननीय मुख्य पोस्टमास्टर जरनल महोदया छत्तीसगढ़ परिमंडल,अधीक्षक महोदय बस्तर संभाग जगदलपुर,सरपंच ग्राम पंचायत जामगांव, मिडिल स्कूल एवं प्राथमिक स्कूल के शिक्षक , ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,मैनेजर आईपीपीबी कोंडागांव ब्रांच एवं उप संभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव 2 एवं केशकाल उपस्थित रहे। इस मौके पर अधीक्षक महोदय द्वारा डाक विभाग के विभिन्न योजनाओं के बारे मे उपस्थित समस्त ग्रामवासियों को विस्तृत जानकारी दिया गया , साथ ही विभागीय कर्मचारियों के द्वारा ग्रामीणों के लिए विभिन्न योजनाओं से संबंधित काउंटर लगाए गए थे , जिसका मौके पर ही ग्रामीणों द्वारा विभिन्न प्रकार के सुविधाओं जैसे , बाल आधार , आधार सीडिंग खाता , विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति खाता , सुकन्या खाता , आरडी खाता , महिला सम्मान बचत खाता , एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा आदि का लाभ प्राप्त कर खाता खुलवाया गया । थाना प्रभारी केशकाल द्वारा साइबर क्राइम से होने वाले धोखा धडी के संबंध में ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण व डाक कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

महिलाओं के अंडर गारमेंट्स चुराने वाला गिरफ्तार

कोंडागांव 26 जुलाई। जिले के केशकाल थाना क्षेत्र अंर्तगत बोरगांव में एक युवक द्वारा महिलाओं के अंडर गारमेंट्स चुराते सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ जिसमें युवक बाइक से आता है, और अंडर गारमेंट्स चुराकर भाग जाता है। लोग इस महिलाओं के अंडर गारमेंट्स चोर के आतंक से परेशान थे, लेकिन लोक-लाज की वजह से किसी ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। विडियों वायरल होने के बाद पुलिस ने एक आरोपी युवक सजन मरकाम उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार कर आरोपी के निशानदेही पर नीलगिरी के जंगल में बड़ी मात्रा में लेडिज अंडर गारमेंट्स बरामद किया है। केशकाल थाना प्रभारी विकास बघेल ने बताया कि आरोपी सजन मरकाम ने लेडिज अंडरगारमेंट्स चोरी करना स्वीकार किया है, लेकिन वह ऐसा क्यों कर रहा था, इसका पता नहीं चल सका है। आरोपी अभी वजह के बारे में कुछ नहीं बता रहा है। आरोपी युवक पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-170 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

कारगिल विजय दिवस पर 527 शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

उत्तर बस्तर कांकेर, 26 जुलाई। कारगिल विजय दिवस 25वें वर्ष के अवसर पर आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर सहित पुलिस अधिकारियों, पूर्व सैनिकों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा कारगिल युद्ध में अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले 527 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने देश की सुरक्षा में अपनी शहादत देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की सीमाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में तैनात जवान विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी तत्परता के साथ करते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत के सी. ई.ओ. श्री सुमित अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर सहित सैनिक कल्याण बोर्ड के कैप्टन संजय शुक्ला के अलावा एनएसएस एवं एनसीसी के कैडेट्स उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित जनों के द्वारा शहीद स्मारक पर गॉर्ड ऑफ ऑनर के साथ पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही बाइक रैली को कलेक्टर द्वारा हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया, जो शहर के घड़ी चौक में जाकर समाप्त हुई।

प्राथमिक चिकित्सा केंद्र भाठागांव में 3 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

रायपुर 26 जुलाई। जिलाधीश डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश एवम सहयोग से पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के शिक्षकों एवम स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं द्वारा तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। ये शिविर राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा आदेशित फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम के तहत की जाने वाली गतिविधियों का हिस्सा था। इस स्वास्थ्य शिविर में मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय ने पूर्ण सहयोग किया और इस शिविर का आयोजन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाठागांव में किया गया। यह शिविर निःशुल्क था, तथा 23/07/2024 से लेकर 25/07/2024 तक इसका आयोजन किया गया। इन 3 दिनों में मेकाहारा के विभिन्न विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सको ने अपनी सेवाएं दी। पहले दिन कान, नाक और गला के साथ साथ नेत्र, रेडियोलोजी एवम बाल रोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दी, वहीं दूसरे दिन स्त्री रोग विशेषज्ञ के साथ रेडियोलोजी विभाग और अंतिम दिवस में मेडिसिन, त्वचा रोग, हड्डी रोग के साथ रेडियोलोजी विभाग के विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दी। उक्त शिविर में 650 से अधिक मरीजों की उपस्थिति दर्ज की गयी और उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाए दी गयी। इस शिविर मे निशुल्क चिकित्सकीय जांच, रक्त जांच एव सोनोग्राफी जांच की सेवाए प्रदान की गयी, जिसमे लगभग 90 मरीज़ो की सोनोग्राफी की गयी। शिविर में 100 से अधिक लाभार्थी सी रोग एवम गर्भावस्था की जाँच के लिए उपस्थित हुए थे। वही सामान्य जाँच के लिए करीब 300 लाभार्थी उपस्थित हुए। लगभग 60 लाभार्थी बाल रोग विभाग में गए, बाकि बचे हुए लाभार्थी नेत्र, नाक कान गला, हड्डी एवम त्वचा की जांच के लिए उपस्थित हुए। शिविर का मुख्य रूप से आयोजन डॉ.तृप्ति नागरिया, अधिष्ठाता, पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के नेतृत्व में डॉ निर्मल वर्मा विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा विभाग के द्वारा किया गया, जिसमे मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य कार्यालय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एक नजर

अपेक्स बैंकों में सरकार बिठाएगी प्रशासक?

रायगढ़, 26 जुलाई। बहुत जल्द सरकार जिला सहकारी बैंकों में प्रशासकों की नियुक्ति करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक सालों से एक ढर्रे पर चल रहे बैंकों में भर्राशाही व्याप्त हो गई है। वित्तीय गड़बड़ी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती। इसलिए बैंकों में राज्य सरकार के अधिकारी बैठेंगे। जिला सहकारी बैंक पिछले कई सालों से गड़बड़ी करने का सबसे बड़ा माध्यम बन गए हैं। धान खरीदी शुरू होने के बाद तो अपेक्स बैंक की कहानी ही बदल गई है। लोन देने के बाद वसूलने में लापरवाही, बोगस लोन की बढ़ती रकम, धान कमी को बराबर करने के लिए विधि विरुद्ध कार्य करने की वजह से अपेक्स बैंक की साख को नुकसान हुआ है। अब छत्तीसगढ़ सरकार इस बैंक में बदलाव करने का सोच रही है।बताया जा रहा है कि प्रदेश के प्रत्येक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में सीईओ के रूप में पंजीयक सहकारी संस्थाएं के डिप्टी रजिस्ट्रारों को बैठाए जा सकता है। प्रारंभिक रूप से इसकी चर्चा हो रही है। सूत्रों के मुताबिक इसके पीछे बैंकों की लगाम हाथ में लेना भी है। बैंकिंग से जुड़े कामों पर नजर भी रखी जाएगी। सीईओ के रूप में वे बैंकों में बैठेंगे और प्रशासक के रूप में काम संभालेंगे। बैंकिंग के काम तो उसी के कर्मचारी ही करेंगे। समितियों में भी इसी तर्ज पर नियुक्तियां होंगी। हालांकि एक पक्ष इसके खिलाफ है। कहा जा रहा है कि सरकार बैंकिंग प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रही है। इससे आरबीआई की गाइडलाइन का उल्लंघन होगा।

परीक्षा लेकर करेंगे भर्ती–अब कहा जा रहा है कि समितियों में भी पूर्णकालिक प्रबंधक और ऑपरेटरों आदि की नियुक्ति की जाएगी। दरअसल घपलों की वजह से समितियों में पूरा सिस्टम खराब हो चुका है। बढ़ते कर्ज के कारण समितियां नुकसान में हैं। केवल प्रबंधक व कर्मचारी ही अवैध कमाई कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक व्यापमं से परीक्षा लेकर प्रबंधक आदि की नियुक्ति की जाएगी।

गेस्ट फैकल्टी बनने पात्रता तय, इधर आनन-फानन में की नियुक्ति

रायगढ़, 26 जुलाई। उच्च शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के लिए सरकार ने अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति में भी नियम लागू किए हैं। नई शिक्षा नीति के तहत पीएचडी, नेट-सेट उत्तीर्ण और एमफिल के आवेदकों के लिए विज्ञापन नहीं निकाला जाएगा। इसके बाद खाली रहने वाले पदों पर विज्ञापन जारी करना होगा। वहीं आदेश यह भी है कि अध्यापन करने के साथ-साथ पढ़ाई करने वालों की नियुक्ति के पूर्व जांच की जानी है। लेकिन डिग्री कॉलेज ने कई कॉलेजों में नियम विरुद्ध नियुक्ति कर दी।

उच्च शिक्षण संस्थानों में मची अंधेरगर्दी को दूर किए बिना शिक्षा को बेहतर नहीं किया जा सकता। केंद्र सरकार ने बेहतरी के उद्देश्य से नई शिक्षा नीति को मंजूरी दी है। इसके तहत अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति नीति 2024 भी लागू कर दी है। इस साल से किसी को भी अतिथि व्याख्याता नियुक्त नहीं किया जा सकेगा। नीति में कहा गया है कि रिक्त पदों पर विज्ञापन जारी करना होगा। दो राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में प्रकाशन करना होगा। श्रेणी 1- पीएचडी, श्रेणी 2- नेट-सेट परीक्षा उत्तीर्ण और एमफिल करने वाले आवेदकों से आवेदन मंगाकर नियुक्त किया जा सकेगा। इस बीच उच्च शिक्षा संचालनालय ने गुरुवार को एक आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद डिग्री कॉलेज की मनमानी पर ब्रेक लग गया है।आदेश में कहा गया है कि विगत वर्षों में कॉलेज में पढ़ा रहे गेस्ट फैकल्टी ने पीएचडी, एमफिल का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है। लेकिन इन्होंने बिना प्राचार्य की अनुमति, बिना अवकाश स्वीकृति के अध्यापन के साथ उपाधि प्राप्त की जो नियम विरुद्ध है। मतलब एक तरफ पीएचडी करते रहे और दूसरी तरफ कॉलेज में पढ़ाते भी रहे। एक साथ दोनों काम करते रहे। ऐसे अतिथि व्याख्याता का चयन के पहले जांच की जाए और सही पाए जाने पर ही नियुक्ति की जाए।प्राचार्यों के विरुद्ध होगी कार्रवाई- उच्च शिक्षा संचालनालय ने कहा है कि संदेहास्पद पीएचडी व एमफिल धारी व्याख्याताओं के चयन को लेकर शिकायत सही पाए जाने पर चयनकर्ता समिति सदस्यों और प्राचार्यों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। रायगढ़ के अग्रणी महाविद्यालय डिग्री कॉलेज प्राचार्य ने पूरे जिले में बुधवार रात को ही नियुक्ति का आदेश दे दिया था। पूर्व में पढ़ा रहे व्याख्याताओं को ही बुलाकर गुरुवार को ज्वाइन करवा दिया गया। गुरुवार दोपहर में उच्च शिक्षा विभाग का आदेश आ गया। अब कहा जा रहा है कि सभी को निकाला जाएगा और दोबारा नियुक्ति की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

नांदगांव स्कूल में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

महासमुंद। शासकीय प्राथमिक शाला

नांदगांव में शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम आयोजन किया गया। शिक्षा सप्ताह के चतुर्थ दिवस छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। जिसमें बच्चों को स्थानीय संस्कृति के साथ -साथ शिक्षण आधारित आयोजन किया गया।

सक्षम योजना से मां और बेटी ने मिलकर खोला ब्यूटी पार्लर, बनी आत्मनिर्भर

महासमुंद । महासमुन्द के गुरूघासी दास वार्ड की निवासी ममता अनंत, जो कि एक परित्यकता हैं, अपने जीवन को पुनः संवारने के लिए संघर्षरत थीं। आर्थिक सहायता के अभाव में वे स्वयं का ब्यूटी पार्लर शुरू नहीं कर पा रही थीं। बढ़ती ब्याज दरों के कारण बैंक से ऋण लेना उनके लिए संभव नहीं हो पाया। ऐसे में, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कोमिन झुलपे ने उन्हें सक्षम योजना के बारे में अधिक जानकारी दी और जाना कि वह इस योजना के लिए योग्य हैं। ममता ने योजना के तहत आवेदन किया ।और अपने स्वरोज़गार की योजना को प्रस्तुत किया। आवेदन करने पर उन्हें सक्षम योजना के तहत मात्र प्रतिशत साधारण ब्याज की दर पर कुल एक लाख बीस हजार रुपये का ऋण प्रदान किया गया।

वन विभाग सामान्य के डिप्टी रेंजर ने अवैध तरीके से रुद्रारम कोनागुड़ा के जंगलों में हजारों बांस कटवाए

- कटवा डाले अवैध तरीके से हजारों बॉस, मामला मद्देड बफर रेंज का
- जगदलपुर से मजदूर लाकर बांसों पर चलाई कुल्हाड़ी
- सामान्य वन विभाग के डिप्टी रेंजर नें बफर इलाके में हाथ किया साफ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भोपालपटनम, 26 जुलाई। वन विभाग सामान्य के डिप्टी रेंजर ने अवैध तरीके से रुद्रारम कोनागुड़ा के जंगलों से हजारो बांसों को काटकर उनकी बली चढ़ाई है।

कोनागुड़ा से लगे जंगल में बांसों को काटकर गांव के पास पेड़ो में खड़ा कर थप्पी लगाई गई है।बताया जा रहा है कि तकरीबन 3 हजार से अधिक बांसों की बली डिप्टी रेंजर ने चढ़ाई है । गांव के पास बड़े पेड़ो में 8 जगह बांसों को खड़ा रखकर थप्पी लगाया गया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग बफर के रेंजर तिवारी ने अपने कर्मचारियों को भेजकर बांसों का आकलन कर जप्ती नामा तैयार करने को कहा गया है ,लेकिन दो दिनों से यह आकलन नहीं हो पा रहा हैं ।इस मामले में फारेस्ट नें ढील दे रखी हैं क्युकी मामला उनके डिप्टी रेंजर से जुडा हुआ हैं। बताया जा रहा हैं कि जहा बांस रखे हैं उसके आगे पहाड़ मे बड़ी तादात मे बास का जखीरा रखा हुआ हैं ,लेकिन वन्हा तक फारेस्ट विभाग कि पहुंच नहीं हैं। आपको बता दे कि 2021 के बाद बीजापुर जिले के जंगल से बांस कि कटाई पर प्रतिबंध लगाया गया हैं, लेकिन इतने बड़े मामले के बाद विभाग कान मे रुई डाले हुए हैं।जगदलपुर से मजदूर लाकर बांसों पर चलाई कुल्हाड़ी ग्रामीणों का कहना हैं कि यह बांस जंगदलपुर से मजदूरों को लाकर कटवाया गया हैं। डिप्टी रेंजर ग्रामीणों को बताकर रखा हैं कि बांस वन विभाग का हैं, इसे यह से बादमे ले जाया जायेगा। ग्रामीण का स्पष्ट रूप से कहना हैं कि उन्हें इस बारे मे कुछ नही पता हैं ,डिप्टी रेंजर बस इतना कहते थे कि बांस काटकर यही रखा जायेगा जरुरत पढ़ने पर यह से लेकर जायेंगे।

सामन्य वन विभाग के डिप्टी रेंजर नें बफर इलाके मे हाथ किया साफ

वन विभाग सामान्य के डिप्टी रेंजर नें बफर क्षेत्र मे हाथ साफ करते हुए जंगल मे डाका डाला हैं, डिप्टी नें बड़ी ही चतुराई से विभाग का नाम लेकर हजारों बांस काटकर जंगल मे छुपा रखा हैं, बताया जा रहा हैं कि इसे मोटी कीमत पर बेचने का इरादा था।

■ एस डी ओ भोपाल पटनम नितीश कुमार रावटे ने कहा की अगर बांस जंगल से कटवाकर रखा गया हैं तो वह अवैध हैं इसमें डिप्टी रेंजर का नाम आ रहा हैं लेकिन उनका कथन हैं कि उन्होने नहीं कटवाया हैं इसकी जाँच कि जाएगी जो भी दोसी होगा उसपर कार्यवाही होंगी।

■ वन परिक्षेत्र अधिकारी देवनन्दन तीवारी रेंजर बफर जोन ने कहा की बास को लाने डिप्टी रेंजर को बताया गया हैं उसकी जाँच कि जा रही हैं जाँच के बाद ही पता लग पायेगा कि किसने कटवाया हैं अभी किसी पर आरोप लगाना ठीक नहीं हैं।

अवैध बांस कटाई की तत्काल जांच और दोषी लोगों पर कार्रवाई हो:बंसत ताटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भोपालपटनम, 26 जुलाई। गत दिनों इंद्रावती टाईगर रिजर्व (बफर) के मद्देड वन परिक्षेत्र अंतर्गत रूद्रारम एवं कोनागुडा के जंगलों में बड़े पैमाने पर बांसो की अवैध कटाई का मामला बेहद गंभीर है इन जंगलों में लगभग पांच हजार बांसो की अवैध कटाई होती रही लेकिन इंद्रावती टाईगर रिजर्व (बफर) क्षेत्र में पदस्थ बीट गार्ड से लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी तक को इसकी भनक भी नहीं लगी हो यह विचारणीय प्रश्न है। लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए बांसो की अवैध कटाई किसने और क्यों की यह जाँच का विषय है किन्तु इस मामले में इंद्रावती टाईगर रिजर्व मद्देड वन परिक्षेत्र में पदस्थ बीट गार्ड से लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी को सर्वप्रथम दोषी मानते हुए निलंबित किया जाना चाहिए। उक्त बाते जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही।

जिला पंचायत सदस्य ताटी का मानना है कि इंद्रावती टाईगर रिजर्व मद्देड वन परिक्षेत्र के रुद्रारम एवं कोनागुडा के जंगलों में कई दिनों तक बांसो की अवैध कटाई का कार्य चलता रहा किन्तु वहां तैनात बीट गार्ड से लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी तक के वन अमले को इसकी भनक तक न लगी हो ऐसा कतई संभव नहीं हो सकता। ताटी ने कहा कि बड़े पैमाने पर हुए बांसो की अवैध कटाई के इस पूरे मामले में सर्वप्रथम मद्देड वन परिक्षेत्र क्षेत्र (बफर) में पदस्थ अधिकारी कर्मचारीयों को दोषी मानते हुए इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए ताटी ने यह भी कहा की वर्ष 2021 से बांसो की कटाई पर प्रतिबन्ध लगा होने के बावजूद भी बड़े पैमाने पर हुए बांसो की अवैध कटाई का यह मामला उजागर हुए लगभग एक सप्ताह बीतने के बाद भी बफर क्षेत्र में पदस्थ दोषियों के खिलाफ अब तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न किया जाना कई संदेहो को जन्म देता है ताटी का मानना है कि इतने लंबे समय तक बड़े तादात में चले बांसो कि अवैध कटाई का कार्य सरकार के संरक्षण के बिना संभव ही नही हो सकता।

विधानसभा आवासीय परिसर में विधायक ने किया पौधारोपण

महासमुंद। विधानसभा सत्र के चौथे दिन विधानसभा आवासीय परिसर में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छ.ग. शासन द्वारा आयोजित ÷चलो बनाबो हरियर छत्तीसगढ़÷ के तहत ÷एक पेड़ मां के नाम÷ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, विभागों के मन्त्रीगण एवं समस्त विधायकगण सम्मिलित हुए। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कार्यक्रम में पौधारोपण किया। साथ ही पौधे के संरक्षण का संकल्प लिया। बता दें कि पर्यावरण दिवस के दिन से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद से ही अलग - अलग क्षेत्रों में इस अभियान के तहत पौधा रोपण किया जा रहा है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी इस अभियान के तहत महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल में पौधा रोपण किया था।

बारिश का कहर जारी,तारलागुडा-सिरोंचा मार्ग बंद

भोपालपटनम, 26 जुलाई। पिछले एक सप्ताह से जारी बारिश रूकने का नाम नहीं. ले रही है जिसके चलते जिले के भोपाल पटनम क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी यो का सामना करना पड रहा है तारलागुडा .मार्ग पिछले पांच दिनों से बंद है यही सिथति तिमेड सोमनपलली मार्ग भी भारी बारिश के चलते बंद है मार्ग बंद होने से वाहन चालकों सहित आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है सैकड़ों वाहन मार्ग के दोनों ओर खडे है बताया जा रहा है कि इंद्रावती नदी और गोदावरी नदी का जलस्तर लगातार बढ रहा है। आसपास के नदी नाले भी उफान पर है रोजमर्रा के कामकाज वाले ग्रामीण गांव से जिला मुख्यालय नहीं आ पा रहे है शुक्रवार को भी अनवरत बारिश हो रही है राशन कार्ड नवीनीकरण फसल बीमा आदि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

जिले में बारिश से जनजीवन बेहाल

बीजापुर,26 जुलाई। जिले मे पिछले 10 दिनो से लगातार हो रही बारिश से पूरे जिले का जनजीवन बेहाल हो गया है समूचे जिले के नदी नाले उफान पर है एन एच 163 मार्ग अबतक दो बार रामपुरम नदी मे आई बाढ से अवरुद्ध हो चुका है। इस अनवरत बारिश से आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है सर्वाधिक परेशानी गरीब तबके के लोगों को रहा है जो गांवो से जिला मुख्यालय नहीं पहुंच पा रहे है अत्यधिक बारिश के चलते आश्रम शालाओ में भी अव्यवस्था का आलम है कई शालाओ की छत.टपक रही है छात्र छात्राओं की.पढाई प्रभावित हो रही है गुरुवार को भी तेज हवाओ के साथ बारिश हो रही है जिला मुख्यालय केलोगों को पिछले एक हफ्ते से सुर्य देवता के दर्शन नहीं हुए है . हालांकि इस बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुये है तथा किसान खेती कार्य में जुटे है।

विधायक ने नवोदय विद्यालय में किया पौधारोपण

राजिम, 26 जुलाई। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स गरियाबंद जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,ए. के. सारश्वत जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त गरियाबंद एवं जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन में शिविर संचालक डी ओ सी स्काउट आशीष साहू व डी ओ सी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में राज्यपाल जाँच परीक्षा पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय पांडुका में किया गया.वृक्षारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम थे.अध्यक्षता मधुबाला रात्रे सभापति जिला गरियाबंद ने किया किया. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू,जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, महेंद्र राम प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका उपस्थित थे.कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं प्रार्थना के साथ किया गया.।इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक पेड़ माँ के नाम पर सभी एक पौधा जरूर लगावे. पेड़ पौधे प्रकृति के अभिन्न मित्र होते हैँ, जो वातावरण को शुद्ध बनाए रखने में सहायक होते हैं.आज लगातार वनों की अंधाधुंध कटाई होने के कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है जिसके कारण भीषण गर्मी बढ़ने लगी है. अतः लोगों को पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है.इस कार्यक्रम मे टीकम साहू, नागेंद्र साहू, चंदन साहू, किशन कंडरा, शिवांगी चतुर्वेदी, नूतन साहू प्राचार्य युवराज साहू, प्रशिक्षक एच डब्लू बी ईश्वर मालाकार, रामप्रसाद साहू, लुकेश्वर प्रधान, विकासखंड सचिव ,एस एस कंवर, मुरारी साहू,गिरवर यादव,जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू,भोजन प्रभारी प्रेमलाल साहू,टेक्निकल प्रभारी चैतन्य यदु,उत्तम कंसारी, दुष्यंत वर्मा, दुर्गेश साहू, रवि तारक, हिरऊ राम साहू,बीनू देवांगन, योगेश्वरी देवांगन, शशि साहू उपस्थित थे. उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

तेंदूपत्ता की दर बढ़ी तो जिले के संग्राहकों को 18.73 करोड़ अधिक मुनाफा

रायगढ़, 26 जुलाई। हरा सोना के नाम से ख्यात तेंदूपत्ता का संग्रहण ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के अतिरिक्त आय का एक पूरक स्त्रोत है। छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर तेंदूपत्ता का संग्रहण लघु वनोपज के रूप में किया जाता है। लाखों ग्रामीण इस कार्य से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के तेन्दूपत्ता संग्राहकों को अब 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से भुगतान किया जा रहा है। जिससे संग्राहकों को पहले के 4 हजार प्रति मानक बोरा की तुलना में 15 सौ रुपए अधिक मिल रहे है। इससे संग्राहकों को तेंदूपत्ता संग्रहण से होने वाली आय बढ़ी है। रायगढ़ जिले की बात करें तो 98 हजार 977 संग्राहकों को 68 करोड़ 68 लाख 11 हजार 180 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। बढ़ी दरों के लिहाज से जिले के संग्राहकों को 18.73 करोड़ रुपए ज्यादा मुनाफा मिला है। जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ के प्रबंध संचालक ने बताया कि रायगढ़ जिला अंतर्गत दो जिला वनोपज सहकारी यूनियन रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ में वर्ष 2024 तेन्दूपत्ता सीजन में 112 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के 94 लॉट निर्धारित है। जिले में संग्रहण हेतु 747 संग्रहण केन्द्र में संग्रहण कार्य हेतु 1 लाख 40 हजार 600 मानक बोरा का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें तेन्दूपत्ता संग्रहण लक्ष्य के विरूद्ध 1 लाख 24 हजार 874.760 मानक बोरा संग्रहण किया गया है। इस वर्ष संग्रहण की दर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा (550 रुपये प्रति सौ गड्डी)निर्धारित है। गेरवानी समिति फड़ सराईपाली के श्री अमृत लाल अगरिया एवं उनकी पत्नी श्रीमती पुना अगरिया ने बताया कि सीजन में उन्होंने 3640 तेन्दूपत्ता गड्डी तोड़कर उसका विक्रय किया था, जिससे उन्हें 20 हजार 20 रुपये का लाभ प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि पुरानी दर के मुकाबले उन्हें प्रति मानक बोरे की दर बढने से लगभग साढ़े पांच हजार रूपए ज्यादा मिले। प्राप्त धनराशि को वे खेती-किसानी में खर्च कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस संवेदनशील निर्णय से हम संग्राहकों को पहले से ज्यादा राशि मिल रही है, जो हमारे लिए अतिरिक्त आय का आधार बन रहा है। इसी तरह गेरवानी समिति फड़ गौरमुड़ी के श्री नथीराम एवं उनकी पत्नी सुखमनी ने बताया कि उन्होंने 3420 तेन्दूपत्ता गड्डी तोड़कर उसका विक्रय किया था, जिससे उन्हें 18 हजार 810 रुपये का लाभ प्राप्त हुआ था।

थाना गंगालूर क्षेत्र में विस्फोटक सहित 4 माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर,26 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एरिया डॉमिनेशन के दौरान 01 मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार, थाना फरसेंगढ़ की कार्यवाही, 01 स्थाई वारंट है लंबितजिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर की टीम की कार्यवाही में पुसनार से 04 माओवादियों को विस्फोटक के साथ पकड़ा गया । पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से टिफिन बम, जिलेटिन स्टीक, माओवादी पर्चे, इलेक्ट्रिक फ्यूज वायर बरामद किया गया । 1मंगी पूनेम पिता रघु पूनेम उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार पेरमापारा थाना गंगालूर 2.सोनी पोटाम ऊर्फ सोमी पिता लक्खू पोटाम उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार थाना गंगालूर 3.सांदे पोटाम पिता सोमलू उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गायतापारा थाना गंगालूर4. वि के श पोटाम पिता रघु पोटाम उम्र 34 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गायतापारा थाना गंगालूर पकड़े गये माओवादी द्वश्वष्ठलगाने , मार्ग अवरूद्ध करने, पाम्पलेट बैनर लगाने की घटनाओं में शामिल थे । फरसेगढ़ की टीम द्वारा एरिया डॉमिनेशन के दौरान सागमेटा से 01 माओवादी को पकड़ा गया । मिलिशिया सदस्य बेड़जा सुक्कू पिता बुड़गा उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी तालमेण्ड्री थाना फरसेगढ़, जो दिनांक 01/07/2007 को ग्राम पीह्लूर के ग्रामीण की हत्या करने की घटना में शामिल था । पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना फरसेगढ़ में 01 स्थाई वांरट लंबित है । पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना गंगालूर एवं फरसेगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

10 दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण आरसेटी बीजापुर में संचालित

बीजापुर,26 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) पहुंचकर प्रशिक्षु युवाओं को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने पूरे आत्मविश्वास, लगन और ईमानदारी के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने एवं हमेशा सीखने के लिए तत्पर रहने की समझाइस दी।जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय युवाओं को उद्यमिता विकास से जोड़कर उनके आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का अभिनव पहल किया है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के दिशा-निर्देशन में यह प्रशिक्षण का दूसरा चरण है। पूर्व में प्रथम चरण में 40 आदिवासी युवा उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण ले चुके हैं। यह द्वितीय चरण का प्रशिक्षण है जो 23 जुलाई से 02 अगस्त तक संचालित होगा जिसके अर्न्तगत 04 दिवस का प्रशिक्षण नेशनल इन्स्टीट्यूट फार माइक्रो स्माल एण्ड मिडियम इंटरप्राईजेस हैदराबाद में सम्पन्न होगा।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार के अवसर की पहचान करना, व्यवसाय की योजना बनाना और उसके विकास का प्रबंध करना है जिसमें जिले के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर सृजन होंगे। ऐसे युवा भविष्य में नौकरी तलाशने के बजाय स्वयं नौकरी देने के लिए सक्षम होंगे। विभिन्न स्वरोजगार के कार्य हेतु आवश्यक प्रक्रिया, ऋण सुविधा इत्यादि जिला प्रशासन द्वारा सुगमतापूर्वक मुहैया कराया जाएगा।इस अवसर पर डायरेक्टर आरसेटी श्री पी गुप्तेश्वर राव, अजीत कुमार बिलुंग महाप्रबंधक व्यापार एवं उद्योग, गौरव पाण्डेय सहायक संचालक कौशल विकास उपस्थित थे।

भैरमगढ़ एसडीएम ने अवैध अतिक्रमण पर की कार्रवाई

बीजापुर,26 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भैरमगढ़ एसडीएम श्री विकास सर्वे द्वारा भैरमगढ़ बस स्टैण्ड के पास वार्ड क्रमांक 04 पटेलपारा में नाले में निर्मित अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व भैरमगढ़ में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई थी जिससे आवागमन बाधित हो गया था एवं इस निर्माण के कारण पानी का निकासी अवरूद्ध हो गया था जिससे जल जमाव की स्थिति निर्मित होने से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।अतिक्रमण हटाने के दौरान तहसीलदार श्री मोहन साहू, सीएमओ भैरमगढ़ नगर पंचायत सहित प्रशासनिक अमला मौजूद थे।

वनांचल तुपेंगा के ग्रामीण जल जीवन मिशन से हो रहे लाभान्वित

गरियाबन्द, 26 जुलाई। जिला मुख्यालय से देवभोग की ओर लगभग 43 किलोमीटर दूरी पर स्थित वनांचल गांव तुपेंगा के ग्रामीणों को अब पीने के पानी के लिए झरिया पर निर्भर नही रहना पड़ेगा। ग्राम पंचायत मोंहदा के आश्रित ग्राम तुपेंगा में घर घर तक नल जल का कनेक्शन पहुंच गया है। जिससे महिलाओं को घर में ही पीने का पानी मिल जा रहा है। अब महिलाओं को लंबी दूरी तय कर पानी लेने नही जाना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों को सदियों के बाद पानी लाने की झंझट से मुक्ति मिलेगी। घर में पानी मिल जाने से लोगों को काफी आराम एवं राहत मिली है। इसके लिए ग्रामीणों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जल जीवन मिशन को कारगर बताते हुए शासन प्रशासन का आभार जताया है।उल्लेखनीय है कि खेतों एवं जंगलों के बीच बसे इस गांव में कुल घर 12 हैं। जल जीवन मिशन के पहले ग्रामीणों को किसी भी प्रकार के जल की पूर्ति के लिए एक मात्र शासकीय हैण्डपम्प एवं झरिया पर निर्भर रहना पड़ता था। ग्राम में मुख्यतः आदिवासी वर्ग निवास करते है। जिनका मुख्य आय स्त्रोत वनोपज संग्रहण एवं कृषि हैं। पहले दूर से पानी लाने के लिए अन्य कार्यों को छोड़कर पैदल दूर जाना पड़ता था। गर्मी, सर्दी, बरसात में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इससे घर के सदस्यों पर विपरीत स्वास्थ्य प्रभाव भी पड़ता था। गांव की रहने वाली जयमति की बताती है कि दूर दूर से पानी लाकर थक जाते थे। जल जीवन मिशन के द्वारा प्रत्येक घरों में नल लगने से सभी के स्वास्थ्य में सुधार एवं शारीरिक कार्य क्षमता में वृध्दि होने की सम्भावना है। गांव की रहने वाली श्रीमोतिन, रोमिन एवं जयमति जल जीवन मिशन के तहत घर में ही मिल जा रहे पेयजल के बचत पानी के सदुपयोग के लिए अपनी बाड़ियों में साग भाजी भी लगाने का फैसला किया है।

गोहरापदर महाविद्यालय में जल्द होगी व्याख्याता की नियुक्ति

गरियाबन्द, 26 जुलाई। शासकीय नवीन महाविद्यालय गोहरापदर में रिक्त सहायक प्राध्यापक पद के विरूद्ध अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी दिनाक 27 जुलाई तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक से अथवा स्वयं महाविद्यालय में उपस्थित होकर समस्त प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के अनुसार किया जावेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।...विषय.अंग्रेजी 1 इतिहास 1 जूलॉजी 1वनस्पति विज्ञान 1 रसायन शास्त्र 1 व्यापार 1

तहसील दफ्तर भखारा में भर गया पानी,वजह है भेदभाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 26 जुलाई। लाखों रुपये की लागत से पूर्ववर्ती सरकार द्वारा भखारा में तहसील कार्यालय का निर्माण कराया गया है लेकिन तहसील कार्यालय परिसर के भीतर जलभराव की स्तिथि निपटने के लिए कोई संसाधन नही है जिसके चलते तहसील कार्यालय भखारा में आने वाले पक्षकारों को अधिवक्ता चेंबर तक पहुंचने के लिए कीचड़ व जल भराव की परिस्तिथियों होकर गुजरना पड़ता है लिहाजा पक्षकारों व अधिवक्ताओं को जलभराव की स्तिथि से सामना करना पड़ रहा है आये दिन सैकड़ो फरियादी कार्यालय पहुंचते है जिन्हें सुविधाओं का मोहताज होना पड़ता है बता दें कि प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी को आने जाने व गाड़ी रखने में कोई असुविधा न हो इसलिए तहसील दफ्तर तरफ को सही ढंग से समतलीकरण किया गया है लेकिन शासन- प्रशासन द्वारा भेदभाव पूर्ण रवैय्या अपनाते हुए अधिवक्ता चेंबर तरफ को सही ढंग से मिट्टी मुरुम डालकर समतलीकरण नहीं किया गया है जिनके कारण अधिवक्ता चेंबर तरफ गहरा हो चुका है जिनके कारण बारिश का पूरा पानी एकत्रित होकर जल भराव हो जाते हैं जिनके कारण पक्षकार अधिवक्ता चैंबर तक नहीं पहुंच पाते, वही तहसील दफ्तर पहुंचने वाले आम नागरिकों ने प्रशासन के ऊपर भेदभाव का आरोप लगाते हुए परिसर में शीघ्र नाली निर्माण व समतलीकरण की मांग कर रहे है आखिरकार शासन -प्रशासन कब तक सुध लेगी यह दिन देखना दुर्लभ है।

हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान : मुरारी देवांगन

शिक्षा सप्ताह अंतर्गत आदर्श विद्यालय में की जा रही विविध गतिविधियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 26 जुलाई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 4 वर्ष पूर्ण होने पर शिक्षा सप्ताह का वृहद आयोजन आदर्श विद्यालय छुरा में किया जा रहा है। शिक्षा सप्ताह अंतर्गत टीएलएम प्रदर्शनी, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेलकूद, सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियां धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। खेलकूद अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लुप्तप्राय खेलकूद गुल्ली डंडा, भंवरा, बाटी, फुगडी, कबड्डी, रस्साकस्सी, कुर्सी दौड़, बिल्लस, गोंटा सहित कैरम, शतरंज आदि खेलों द्वारा बच्चों का कीड़ा उत्सव मनाया गया। विद्यार्थियों में विविधता में एकता की भावना विकसित करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति, अस्मिता, परंपरा की सौंधी सौंधी खुशबू गीत, नृत्य, कविता, पंडवानी गायन द्वारा देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में बारहमासी गीत, कर्मा, ददरिया, सरहुल, बस्तरिया गीत, सरगुजा नृत्य में मनभावन प्रस्तुति ने सबका मनमोहन लिया। बीहड़ वनांचल से विद्यार्जन करने आए छठवीं कक्षा के छात्र नंद कुमार द्वारा कपालिक शैली में वीर रस से ओतप्रोत कौरव-पांडव द्युत की कथा बड़ी ऊर्जा के साथ मंच पर बिखेरा।कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। छत्तीसगढ़ समृद्ध संस्कृति को संजोया हुआ है जिसे हमारी आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। प्रधानपाठक निर्भय सिंह ठाकुर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शासन द्वारा विविध गतिविधियां कराई जा रही हैं। हमारे विद्यालय में गरियाबंद जिले के अलावा दूसरे जिलों के बच्चे भी भविष्य संवारने अध्ययनरत हैं। सभी बच्चों का बहुमुखी विकास करना हमारा पहला प्राथमिकता है। सांस्कृतिक आयोजन में योग ऋषि मानस परिवार के व्याख्याकार, भारत स्काउटस व गाइडस जिला संघ के साहित्यिक, सांस्कृतिक जिला प्रभारी अर्जुन सिन्हा ने कहा की विविधता में एकता हमारी विशेषता है।

एक नजर

युवा सशक्तिकरण के लिए समर्पित मोदी सरकार :-योगेश योगी वर्मा

कसडोल, 26 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे

कार्यकाल का पहला बजट युवाओं के सशक्तिकरण पर केन्द्रित है। मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में युवाओं के लिए पिटारा खोल दिया है। युवाओं के लिए रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 2 लाख करोड़ रुपए का एलान किया गया है। उच्च शिक्षा के लिए युवाओं को 10 लाख रुपए तक के ऋण के तहत वित्तीय सहायता दिया जाएगा जिसमे हर साल 1 लाख छात्रों को मिलेगा ई-वाउचर तथा ऋण राशि पर 3त्न ब्याज की छूट भी मिलेगी। 5 साल में 1 करोड़ युवाओं को बड़ी कंपनियों में 1 साल की पैड इंटनशिप रोजगार दिया जाएगा साथ ही रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन के तहत पहली बार रोजगार पाने वाले युवाओं को ईपीएफओ में पंजीकृत होने पर एक माह का वेतन या 15 हजार रुपए तक की तीन किस्तों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण। रोजगार प्रोत्साहन के लिए बिना गारंटी दिए जाने वाले मुद्रा लोन योजना की अधिकतम राशि 10 लाख से बड़ा कर 20 लाख किया गया है साथ ही 5 साल के 4 करोड़ रोजगार सृजन किया जाएगा। पहली बार रोजगार पाने वाले युवाओं का सालाना आय 1 लाख रुपए से कम होने पर 3000 रुपए की सरकारी मदद दिया जाएगा।

नगर पंचायत के वार्डो में 27 से लगेंगे जनसमस्या निवारण शिविर

छुरा, 26 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राज्य शासन के निर्णय के अनुसार 27 जुलाई से 08 अगस्त के मध्य जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन प्रत्येक वार्ड में किया जायेगा। शिविर में नगर पंचायत के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित होकर समस्या का निराकरण यथा संभव मौके पर ही करेंगे। इस शिविर में करदाताओं को भी करों का भुगतान वार्ड में ही करने की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। जिले के नगर पंचायत क्षेत्र में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के रूप में वार्डवार शिविर का आयोजन किया जायेगा। जहां स्थानीय समस्याओं का निदान किया जा सकेगा।ऐसे शिविर में नगर पंचायत के अध्यक्ष, पार्षदों एवं अन्य जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति से आमजन की भागीदारी में भी वृद्धि होगी।उल्लेखनीय है कि स्थानीय नगरीय निकायों द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिकों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना मुख्य दायित्व है।स्थानीय नागरिक समस्याएं यथा नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोट-छोटे कार्य होते है, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है साथ ही नल लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों एवं गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गडढ़े पाटना, स्ट्रीट लाईट के मरकरी, बल्ब, ट्यूब का बंद रहना आदि समस्याएं भी है।सारे कार्य आम नागरिकों की दिन-प्रतिदिन की समस्याओं और कार्यों से संबंधित है।इन समस्याओं का निराकरण मौके पर ही शीघ्रता से किये जाने पर नगर पालिका के प्रति आमजन के सदभाव बढ़ेगा, वही स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का निराकरण भी शीघ्र हो सकेगा।

बरसते पानी में ग्रामीणों के बीच पहुँचा जिला प्रशासन

ग्राम सांकरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में मौके पर 200 आवेदनों का निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 26 जुलाई। बालोद विकासखण्ड के ग्राम सांकरा ज में आज आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में शामिल होने के लिए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने जन प्रतिनिधियों के साथ बरसते पानी में ग्रामीणों के बीच पहुँचकर उनके माँगों एवं समस्याओं से रूबरू हुए। जिसके फलस्वरूप ग्राम सांकरा में आज आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर घनघोर बारिश के उपरांत भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्राम सांकरा ज में आज आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर ग्राम सांकरा ज सहित अंचल वासियों के लिए सौगातों भरा रहा। इस दौरान शिविर में विभिन्न विभागों से प्राप्त कुल 240 आवेदनों में से 200 आवेदनों का मौके पर ही निराकृत किया गया। इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, वरिष्ठ जन प्रतिनिधि पवन साहू, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने माँगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जन समस्या निवारण शिविर में पहुँचे ग्रामीणों से चर्चा कर उनके समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर ग्रामीणों के माँगों और समस्याओं के निराकरण के उपायों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर ग्रामीणों के माँगों और समस्याओं को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में अतिथियों के द्वारा समाज कल्याण विभाग के योजना के अंतर्गत दृष्टिबाधित दिव्यांग हरिराम एवं कपिल राम को स्मार्ट फोन प्रदान किया गया। इसके अलावा कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं अतिथियों के द्वारा नन्हें-मुन्हें बच्चों को गर्म स्वादिष्ट भोजन कराकर उनका अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इसी तरह 05 बच्चों को सुपोषण किट भी प्रदान किया गया। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन की थाल भेंटकर उनके गोद भराई के रस्म को पूरा किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने घनघोर बारिश के उपरांत भी जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों एवं जन प्रतिनिधियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बरसते पानी में आप सबकी उपस्थिति पर निश्चित रूप से बहुत ही प्रसंशनीय है। चन्द्रवाल ने पिछले दो-तीन दिनों से राज्य व जिले में अच्छी बारिश होने पर प्रसन्नता भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अच्छी बारिश होने से इस वर्ष सूखे की स्थिति निर्मित नही होगी। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार आज सांकरा ज में आयोजित शिविर इस वर्ष के जिले का दूसरा जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर है। इसके पूर्व गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में जिले का पहला जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि जन समस्या निवारण शिविर जिला प्रशासन के आला अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का ग्रामीणों के बीच पहुँचकर उनके वास्तविक समस्याओं तथा माँगों से रूबरू होकर उसका निराकरण सुनिश्चित करने का बहुत ही कारगर माध्यम है। उन्होंने ग्रामीणों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने माँगों एवं समस्याओं को शासन एवं प्रशासन के समक्ष रखने तथा शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

31 तक आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार। जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक- युवतियों को प्रधानमंत्री अभ्युदय योजनांतर्गत कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण हेतु आवेदक जिले का मूल निवासी हो, परिवार की वार्षिक आय प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता 8वी उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और आवेदक संबंधित जाति वर्ग का हो (तहसीलदार द्वारा जाति प्रमाण पत्र हो)। उपरोक्त पात्रता एवं शर्ते रखने वाले इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. बलौदाबाजार (छ.ग.) संयुक्त जिला कार्यालय प्रथम तल कक्ष क्रमांक 90 में 31 जुलाई तक कार्यालय में जमा कर सकते है।

होटल, ढाबा, ठेला में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले संचालकों एवं चखना सेंटर पर पुलिस की कार्रवाई

9 होटल, ढाबा, ठेला, चखना सेंटर संचालकों से वसूला गया जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 26 जुलाई। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24.07.2024 को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 09 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में थाना लवन द्वारा 02 आरोपी, थाना सिमगा द्वारा 03 आरोपी, थाना कसडोल द्वारा 02 आरोपी, थाना भाटापारा ग्रामीण एवं सिटी कोतवाली द्वारा 01-01 आरोपी को अपने होटल, ढाबा, ठेला में अवैध रूप से लोगों को सुविधा उपलब्ध कराकर शराब पिलाते हुए तथा अवैध रूप से चखना सेंटर चलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है।

आरोपियों के नाम

- मंगतू उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम दतान थाना लवन
- रामेश्वर उम्र 64 वर्ष निवासी ग्राम बगबुडा थाना लवन
- तीजराम उम्र 70 साल निवासी ग्राम देवरीकला थाना कसडोल
- लक्ष्मी प्रसाद उम्र 45 साल निवासी ग्राम देवरीखुर्द थाना कसडोल
- कोणार्क उम्र 21 साल निवासी ग्राम अर्जुनी थाना भाटापारा ग्रामीण
- पंचूराम उम्र 40 साल निवासी एकता नगर सिमगा थाना सिमगा
- गोपाल उम्र 45 साल निवासी शीतलापारा सिमगा थाना सिमगा
- सीताराम उम्र 32 साल निवासी ग्राम लिमतरा थाना सिमगा
- वाल्मीकि उम्र 56 साल निवासी पेट्रोल पंप के पास रायपुर रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली

मेडिकल स्टोर्स के बाद अब फैंसी और कॉस्मेटिक दुकानों में औषधि विभाग ने दी दबिश

सौंदर्य प्रसाधन उत्पादों की जांच की गई, 5 दुकानों से लिए गए सैंपल

- सैंपल को प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा, स्टैंडर्ड क्वालिटी नहीं पाये जाने पर होगी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा/बलौदाबाजार, 26 जुलाई। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार औषधि विभाग कि टीम के द्वारा भाटापारा शहर मे स्थित विभिन्न कॉस्मेटिक रिटेलर एजेंसी व फैंसी स्टोर्स में आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

आम नागरिकों द्वारा कॉस्मेटिक दुकान व फैंसी स्टोर्स में नकली कॉस्मेटिक उत्पाद बिकने की शिकायत कलेक्टर दीपक सोनी से की गई थी। जिस पर कलेक्टर ने औषधि विभाग को जांच के निर्देश दिए गए थे। जिस पर औषधि विभाग द्वारा आज भाटापारा शहर के हुसैनी सेल्स एजेंसी, ओमीका कॉस्मेटिक एजेंसी, वंश कॉस्मेटिक स्टोर्स, बाबा गरीब दास जनरल स्टोर्स, मदीना बैगल्स एवं फैंसी स्टोर्स, सुहागन फैंसी स्टोर्स, में नकली कॉस्मेटिक उत्पाद की जांच की गई।

जांच के दौरान संदिग्ध सभी कॉस्मेटिक स्टोर्स से सौंदर्य प्रसाधन समाग्री का गुणवत्ता जांच हेतु नमूना लिया गया। जिसमें फेस पावडर, फेस क्रीम, एलफेयर नेस क्रीम, बॉडी लोशन, टेल्क पाउडर, हेयर पाउडर एवं क्रीम का नमूना ले कर राज्य जांच प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। निरीक्षण के दौरान सभी कोसमेटिक स्टोर्स से क्रय विक्रय का रिकॉर्ड लिया गया। प्रयोगशला में जाँच के पश्चात् नमूना आवमनक या स्टैण्डर्ड क्वालिटी की नहीं पाए जाने पर दुकानों के मालिकों व निर्माता कंपनीयो पर औषधि एवं प्रसाधन समाग्री अधिनियम 1940 के तहत कार्यवाही किया जाएगा। निरीक्षण के समय सभी कॉस्मेटिक दुकानों के प्रोपाइटर को पक्के बिल में सामान खरीदने के निर्देश दिया गया। औषधि विभाग द्वारा नकली कॉस्मेटिक उत्पाद पर सतत निगरानी रखा जा रहा है जिसके लिए निरंतर नमूना जांच जिला में किया जायेगा। निरीक्षण मे किशोर ठाकुर औषधि निरीक्षण महेन्द्र साहू व ईश्वर यादव पुलिस आरक्षक शामिल थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र 202407092300030-अ/74- वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश पटेल पिता लखन पटेल जाति मरार निवासी ग्राम देवकट्टा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम कन्हारगांव पटवारी हल्का नं0 02 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा 203 रकबा 0.142 हेक्टेयर कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.142 हेक्टेयर भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 05.08.24 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202407092300029-अ/74- वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खेमू पटेल पिता नरेश पटेल जाति मरार निवासी ग्राम देवकट्टा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम कन्हारगांव पटवारी हल्का नं. 02 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा 204, 771/1, 935 रकबा 0.142 0.154, 0.097 हेक्टेयर कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.393 हेक्टेयर भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 05.08.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

SWACHH SURVEKSHAN #Mera Shahar, Meri Pehchan 2024 | TULIP

कार्यालय नगर पंचायत सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0

क्र./328 दिनांक 25/07/2024

//आवश्यकता//

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अंतर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

ईंटर्नशिप की अवधि	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	एकमुश्त देय राशि	आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या	संपर्क (मो.नं.)
12 सप्ताह	5.08.2024	4500/- प्रतिभागी	2	9039885653

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचयत सिमगा

SWACHH SURVEKSHAN #Mera Shahar, Meri Pehchan 2024 | TULIP

कार्यालय नगरपालिका परिषद, दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)
स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0

क्र./415/न.पा.परि./2024-25 दंतेवाड़ा, दिनांक 25/07/2024

//आवश्यकता//

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अंतर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

ईंटर्नशिप की अवधि	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	एकमुश्त देय राशि	आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या	संपर्क (मो.नं.)
12 सप्ताह (3 माह)	01/082024	4500.00	02	8770885065

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् दंतेवाड़ा
जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

एक नजर

प्रभात झा को किरण देव ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर, 26 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रभात झा के देहावसान पर गहन शोक व्यक्त किया है। श्री देव ने कहा कि श्री झा के निधन से उपजे शून्य की भरपाई नहीं की जा सकेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि स्व. झा हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रेरणा के स्रोत और अभिभावकतुल्य मार्गदर्शक थे। मीडिया क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित प्रतिमान और समय-समय पर विभिन्न विषयों पर लिखे गए लेख व दिए गए संबोधन पाठकों व श्रोताओं की बौद्धिक क्षमता में अभिवृद्धि करते थे और राष्ट्रीय सरोकारों से जोड़ते थे।

मणिकर्णिका एक्सपो 27 से

रायपुर, 26 जुलाई। अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा 27 एवं 28 जुलाई को दो दिवसीय मणिकर्णिका एक्सपो का आयोजन अग्रसेन धाम (छोकरा नाला के पास) में किया जा रहा है। जिसका उदघाटन 27 तारीख शनिवार को अग्रसेन धाम में प्रातः 11 बजे अग्रसेन भगवान की पूजा करके, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े के कर कमलों द्वारा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, महिला मंडल प्रभारी कैलाश मुरारका, महिला मंडल की अध्यक्ष माया मुरारका, महामंत्री ममता अग्रवाल, युवा मंडल के अध्यक्ष राम अग्रवाल, युवती मंडल की अध्यक्ष शिवांगी अग्रवाल एवं मोहल्ले की संयोजक ,सहायोजिका एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा।

पहली तिमाही के नतीजे

रायपुर, 26 जुलाई। भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने आज वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही के अपने नतीजों की घोषणा की। तिमाही के लिए बैंक का कोर ऑपरेटिंग प्रॉफिट 16त्न बढ़कर 9,637 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में 5,797 करोड़ रुपये की तुलना में 6,035 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो पिछले साल की तुलना में 4त्न की वृद्धि दर्शाता है। एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा, सिटी इंटीग्रेशन के अंतिम चरण के लिए सभी टीमों के एक साथ काम करने के मामले में पिछली तिमाही महत्वपूर्ण थी। मुझे खुशी है कि इंटीग्रेशन हो गया है और यह परिवर्तन के आकार और पैमाने को देखते हुए काफी हद तक सहज था। मैं उन टीमों का आभारी हूं जिन्होंने इसे संभव बनाने में अथक परिश्रम किया।

करंट लगने से युवक की मौत

रायपुर, 26 जुलाई। बोरियाखुर्द भवानी नगर में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में टिकरापारा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दिनेश धीवर 23 वर्ष बोरियाखुर्द का रहने वाला है। बताया जाता है कि दिनेश पंडाल के रॉड को हटा रहा था तभी करंट लगने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर, 26 जुलाई। दिलबाग ढाबा के सामने ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक धनसाय बंजारे 42 वर्ष बजरंग चौक रावाभाठा का रहने वाला था। बताया जाता है कि धनसाय अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी सांकरा स्थित दिलबाग ढाबा के सामने ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलएफ 9117 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे धनसाय की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर पार

रायपुर, 26 जुलाई। ग्राम सकरी में खड़ी ट्रैक्टर को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसा प्रार्थी अरविंद साहू 48 वर्ष ग्राम सकरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने घर के बाहर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 05 यू 7019 को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए ट्रैक्टर की कीमत करीब 1 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

निधन

शत्रुघ्न प्रसाद शर्मा

रायपुर, 26 जुलाई। आजाद चौक-ब्राह्मणपारा, निवासी शत्रुघ्न प्रसाद शर्मा (उपाध्याय) (टेकारी - करही वाले) का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे स्व. शारदा प्रसाद उपाध्याय के पुत्र, भारती शर्मा के पति, शशांक शर्मा (पत्रकार), डॉ. समीर शर्मा, स्वाति शुक्ला और सोनल तिवारी के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4.00 बजे आजाद चौक- ब्राह्मणपारा स्थित निवास स्थान से निकलकर मारवाड़ी मुक्तिधाम जाएगी।

राजधानी में मानवता शर्मसार

बिस्किट पैकेट चोरी करते पकड़ाए युवक की लाठी-डंडों से पिटाई, बांधकर घसीटा

- रेलवे प्लेटफार्म की घटना, मूकदर्शक बनी जीआरपी

रायपुर, 26 जुलाई। राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन से मानवता को शर्मसार कर देने वाली तस्वीर सामने आई है। घटना प्लेटफार्म नंबर 1 की है। रात के करीब 3:13 बजे एक भूखे युवक को बिस्किट चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा गया। जिसके बाद कुछ लड़कों ने लकड़ी के डंडे से युवक की बेरहमी से पिटाई की फिर उसे पकड़कर पूरे स्टेशन पर घसीटा। इस दौरान जीआरपी भी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर मौजूद थी, लेकिन वो भी मूकदर्शक बनी रही। ये पूरी घटना रायपुर रेलवे स्टेशन पर लगे हाईटेक कैमरे में कैद हो गया। अब इस घटना के बाद से पुलिस पर सवाल उठने लगे हैं। सामने होते भी उनके द्वारा कोई कार्रवाई युवकों के खिलाफ नहीं की गई। बताया जाता है कि आरोपी युवक कैंटीन के कर्मचारी हैं। खबर है कि आरपीएफ ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यहां यह बताना जरूरी है कि रेलवे स्टेशन के बाहर व अंदर रात में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। प्लेटफार्म पर अवैध वेंडर दादागिरी करते हैं। आए दिन यहां विवाद की स्थिति बनी रहती है।

बाइक सवार 1 किलोमीटर तक कार में फंसा रहा

रायपुर, 26 जुलाई। राजधानी रायपुर में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. गुरुवार देर रात तेज रफ्तार कार चालक ने एक युवक को सिद्धार्थ चौक से बूढ़ापारा चौक तक घसीटा. रास्ते पर स्थानीय लोगों ने इस घटना को देखा तो उन्होंने कार का पीछा कर उसे रोका और कार में फंसे युवक की जान बचाई. इस बीच उसने पुलिस लाईन पेट्रोल पंप से लेकर पुरानी बस्ती थाने तक कई लोगों को टक्कर मारी, जिसमें 8 से 10 लोग घायल हो गए हैं. फिलहाल कुछ घायलों का इलाज निजी अस्पताल में और कुछ घायलों का इलाज मेकाहारा अस्पताल में जारी है.

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस में दी जिसके बाद पुलिस ने तेज रफ्तार कार चालक को घेराबंदी कर दबोचा. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कार में युवक और युवती सवार थे. स्थानीय लोगों ने जब कार को रोका तो उसमें सवार युवती ने लोगों के साथ बहस करने लगी. पुलिस ने कार चालक युवक रोहन नाग और साथी महिला को हिरासत में ले लिया है और कार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है.

घटना की जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी सुधांशु बघेल ने बताया कि गुरुवार देर रात युवक रोहन नाग ने तेज रफ्तार से कार चलाते हुए कई लोगो को ठोकर मारी है. इस घटना में पहले एक एक्टिवा में सवार महिला और पुरुष दोनों को चोट आई है. उसके बाद आगे जाकर एक एक्सेस स्कूटी चालक को टक्कर मारी जिसमे पिता-पुत्र दोनो सवार थे. वहा से 200 मीटर आगे जाकर एक आटो को टक्कर मारी है. घटना में कुल 3 से 4 लोगो को चोट आई है, जिन्हे क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

टीआई सुधांशु बघेल ने बताया कि कार में सवार युवक-युवती को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है. माना रायपुर के निवासी युवक रोहन नाग के खिलाफ एफआईआर दर्ज की कर ली गई है. दोनों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शराब तस्करों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

रायपुर, 26 जुलाई। सचिव सह आबकारी आयुक्त आर. संगीता, कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं उपायुक्त विकास गोस्वामी के निर्देश में मुखबिर से प्राप्त सूचनानुसार रायपुर से खरोरा मार्ग में नवागांव मोड़ पर आरोपी समीर ढीढी द्वारा अवैध मदिरा परिवहन/विक्रय की सूचना प्राप्त होने पर आबकारी वृत्त खरोरा प्रभारी दिलीप कुमार प्रजापति द्वारा नवागांव मोड़ पर आरोपी के दुपहिया वाहन को रोककर विधिवत् तलाशी ली गई तथा उक्त वाहन की डिग्गी से छत्तीसगढ़ निर्मित 18 पाव देशी मदिरा मसाला (शोले) जप्त कर छ. ग. आब. अधि. की धारा 34(1) क/ख का प्रकरण तैयार किया गया। इसी प्रकार 24 जुलाई को पब्लिक ट्रांसपोर्ट की आकस्मिक जाँच करने पर मुखबिर से प्राप्त सूचनानुसार मंडला से रायपुर आने वाली यात्री बस में अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध मदिरा साथ में लाने की सूचना प्राप्त होने पर आबकारी टीम रायपुर द्वारा टाटीबंध चौक पर रेड कार्यवाही की गई तथा ADEO जेबा खान प्रभारी वृत्त टाटीबंध द्वारा आरोपी मुकेश कुमार पिता प्रेमसिंह निवासी रोहतक (हरियाणा) से मध्य प्रदेश निर्मित 24 नग बॉटल Red label स्काच जप्त कर आरोपी को जेल दाखिल किया गया। गौर तलब है कि नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के अनुपालन में वृत्त तिल्दा/खरोरा प्रभारी दिलीप कुमार प्रजापति द्वारा जिले का आबकारी अधिनियम के तहत प्रथम प्रकरण दर्ज किया गया है, जो संभवतः राज्य का प्रथम प्रकरण है, जिसमें कार्यवाही के दौरान BNSS sec.-105 के अनुपालन में मौके पर समक्ष गवाहन मोबाइल से उक्त कार्यवाही की विधिवत् डिजिटल साक्ष्य (ऑडियो/वीडियो) तैयार किया गया।

बृजमोहन ने क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी का मांगा ब्यौरा

रायपुर 25 जुलाई। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को जानकारी दी है कि, भारत सरकार के कुशल भारत मिशन (सिम) का उद्देश्य भारत के युवाओं को उद्योग प्रासंगिक कौशल से लैस कर भविष्य के लिए तैयार करना है।

दरअसल रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री जयंत चौधरी से पूछा था कि, सरकार ने युवाओं की रोजगार क्षमता में सुधार करने तथा नई नौकरियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी थी। साथ ही पूछा था कि क्या सरकार स्किल इंडिया डिजिटल पहल के अंतर्गत नए डिजिटल पाठ्यक्रमों की योजना बना रही है। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गई कि स्किल इंडिया डिजिटल की मुख्य विशेषताएं एवं अन्य जानकारी मांगी थी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने देश में हवाई कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए विमानपत्तनों के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए बनाई गई योजनाओं और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और पर्यटकों के आकर्षण वाले अल्पसेवित क्षेत्रों और जिलों में विमान यात्रा को सुलभ बनाने के लिए की गई पहल का ब्यौरा मांगा था।

जिसपर कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री ने बताया कि, स्किल इंडिया मिशन (सिम) के अंतर्गत विभिन्न स्कीमों जैसे प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना, जन शिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से शिल्पकार प्रतिक्षण स्कीम के अंतर्गत कौशल विकास केंद्रों और संस्थानों के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से देश भर में समाज के सभी वर्गों को कौशल, पुनर्कौशल और कौशलोनयन प्रतिक्षण प्रदान करता है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बाजार की आवश्यकताओं के अनुरुप बनाने तथा प्रशिक्षुओं की नियोजनीयता में सुधार लाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

विधानसभा भ्रमण

रायपुर, 26 जुलाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से आज रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने मुलाकात की।

भेंट



रायपुर, 26 जुलाई। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी की उपस्थिति में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी को प्रदेश के मुखिया के नाते, विधानसभा में किये अपने वायदे अनुसार, विगत दिनों अयोध्या प्रभु श्री राम जी के दर्शन कर लौटने पर शाल श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया।

टाटीबंध गुरुद्वारे के पीछे बैंक कर्मी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

रायपुर, 26 जुलाई। टाटीबंध गुरुद्वारे के पीछे बैंक सौरभ सिंह ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। वह एसबीआई होम लोन में पदस्थ था। सुसाइडल नोट में खुदकुशी की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए अपनी मानसिक समस्या के कारण खुदकुशी करना बताया। मां, बाप और पत्नी को सॉरी कहते हुए जो भी सही काम करना चाहा वो उल्टा होता रहा। इसी वजह से खुदकुशी करने की लिखी बात। अच्छा बेटा, अच्छा पति और अच्छा भाई नही बन पाने पर परिवार से मांगी माफी. आमानाका थाना पुलिस जांच में जुटी है।

ढाबा के सामने खड़ी बाइक पार: उरला स्थित न्यू बाबा ढाबा के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक चौबे 21 वर्ष ग्राम गुमा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ने अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीपी 8066 को उरला के न्यू बाबा ढाबा के सामने खड़ी किया था।

पिरदा बारूद फैक्ट्री में विस्फोट पर कांग्रेस का ध्यानाकर्षण, वॉकआउट

रायपुर, 26 जुलाई। विधानसभा में पिरदा में बारूद फैक्ट्री में विस्फोट पर कांग्रेस विधायक राघवेन्द्र सिंह और शेषराज हरबंश ने ध्यानाकर्षण पेश किया. कांग्रेस विधायकों ने फैक्ट्री में सुरक्षा मापदंडों का पालन नहीं होने पर सवाल उठाया. इस पर मंत्री लखन लाल देवांगन के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने बहिर्गमन किया.

मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि लगातार फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया है. पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश भी दिए गए थे. समय-समय पर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने भी कहा गया था. फैक्ट्री में हुए दुर्घटना की जांच की गई है, जिसके बाद सभी विनिर्माण प्रक्रिया को रोकने के लिए आदेश जारी किया गया था, जो अब भी प्रभावशील है. प्रबंधन के खिलाफ अपराधिक प्रकरण भी दर्ज है.

कांग्रेस विधायक राघवेन्द्र सिंह ने पूछा कि क्या फैक्ट्री में सुरक्षा के पूरे इंतजाम थे. मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि 1991 से फैक्ट्री संचालित है. श्रमिक लंबे समय से काम कम रहे थे, उन्हें सभी जानकारी थी. मामले में दंडाधिकारी जांच भी की जा रही है. फैक्ट्री में कई अनियमितताएं पाई गई हैं, इसलिए लाइसेंस निरस्त किया गया है.

मंत्री ने बताया कि अभी पिरदा की फैक्ट्री में काम पूरी तरह बंद है, नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है. सरकार श्रमिकों के साथ है, फैक्ट्री प्रबंधन ने 35 लाख और सरकार ने 5 लाख की सहायता उपलब्ध कराई है. सरकार किसी का बचाव नहीं कर रही है, हम श्रमिकों के साथ हैं.

बारह पुलिस अधिकारी-कर्मचारी बने कॉप ऑफ द मंथ

रायपुर 25 जुलाई। जिले में उत्कृष्ट कार्य करने पर बारह पुलिस अधिकारी कर्मचारी बने माह जून 2024 हेतु कॉप ऑफ द मंथ अनुशासनहीनता बरतने पर आर. रामचरण ध्रुव को सस्पेंड कर किया गया लाईन अटैच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष कुमार सिंह द्वारा पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे अधिकारी कर्मचारी को प्रोत्साहित करने हेतु प्रति माह ''कॉप ऑफ द मंथ'' पुरस्कार देने की शुरुआत की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा कॉप ऑफद मंथ सम्मान से रायपुर ए.सी.सी.यू. के प्रभारी निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय को तेलीबांधा अंतर्गत फायरिंग में 07 आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार करने में योगदान के लिए, निरीक्षक भुनेश्वर साहू को शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु, उपनिरी. सोमन लाल सिन्हा थाना अभनपुर को गांजा परिवहन करते आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु, सउनि. नागेन्द्र सिंह थाना सिविल लाईन को चिटफण्ड के 11 वर्षो से फरार एवं करोड़ो रूपये कीमत की भूमि की धोखाधड़ी के आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु, सउनि. सुरेश मिश्रा थाना आमानाका को एम्स अस्पताल में लोगों पर चाकू से हमला कर रहे विक्षिप्त व्यक्ति को काबू करने हेतु, प्र.आर. टीकेमणी कुमार थाना सिविल लाईन को चिटफण्ड के 11 वर्षो से फरार एवं करोड़ो रूपये कीमत की भूमि की धोखाधड़ी के आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु

कौशल्या विहार के निवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

रायपुर, 26 जुलाई। पूर्व विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बताया कि कौशल्या विहार के रहवासियों को जीवन-यापन करने में संघर्ष का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 5000 की आबादी वाले कॉलोनी की स्थिति बद से बत्तर है। लगातार 8-10 घंटे बिजली गोल (ब्लैकआउट) कर दिया जा रहा है और रात-रातभर बिजली गुल रहता है, लगातार बारीश होने से सड़कों में घुटने-घुटने तक पानी बह रहा है, गटर के ढक्कन खुले हुए हैं जिससे बड़ी अनहोनी कभी भी हो सकती है एवं आये दिन ढक्कन ओपन होने के कारण उस पर मवेशी गिरते रहते हैं, सिवरेज की भी शिकायतें लगातार आ रही हैं, स्ट्रीट लाईटें लगभग 80 प्रतिशत बंद हैं और जो चालू हैं वो भी बड़े ओहदे वालों व रसूकदार लोगों के घरों की सामने की लाईटें केवल चालू हैं। गार्डनों की ग्रील जाली भी लगभग चोरी हो चुके हैं और स्ट्रीट लाईटें बंद होने के कारण अपराध उस क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है और अंधेरे का फायदा उठाकर नशाखोरी भी बढ़ रही है। कौशल्या विहार में महिनों सफाई नहीं होती, गंदी सड़कें आपको देखने को मिलेगी, मवेशियों के मलमूत्र पड़े होने की वजह से बारीशों में आये दिन वहाँ टू-व्हीलर वालों का एक्सीडेंट हो रहा है। पिछले दिनों उन क्षेत्रों में बलात्कार और हत्या जैसी वारदात घट चुकी है और सूने मकानों को टारगेट कर लगातार वहाँ चोरियाँ भी हो रही हैं, पीने का पानी भी मुश्किल से 10 से 20 मिनट उपलब्ध हो पा रहा है उस पर भी फोर्स न के बराबर रहता है, नहाने तक के लिए वहाँ के रहवासी तालाबों का सहारा ले रहे हैं, जबकि हितग्राहियों को कहा गया था कि बिजली पानी की व्यवस्था चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी।

विकास उपाध्याय ने माता कौशल्या विहार में विद्युत की स्थिति के बारे में बताया कि बिजली पैनलों को गैस सिलेण्डर के सहारे से सुखाया जा रहा है, उसके बाद बिजली चालू होता है और यह स्थिति इसलिए निर्मित हो रही है क्योंकि पैनलों को शेड में न रखकर खुले में रखा गया है और स्थिति यह है कि कोई जवाबदार उच्च अधिकारी जवाब देने को तैयार नहीं है। हजारों करोड़ों से बनाया गया कौशल्या विहार की स्थिति आप देख सकते हैं क्या है, यहाँ की स्थिति छोटे-छोटे गांवों से भी बत्तर है और यहाँ के रहवासी की स्थिति बहुत बुरी है। विकास उपाध्याय ने कहा कि जल्द से जल्द अगर कौशल्या विहार के रहवासियों की जायज मांगों को दुरूस्त कर बिजली पानी की समुचित व्यवस्था नहीं की जाती है तो एक बड़ा आन्दोलन किया जाएगा। आज इन सभी जायज मांगों के लिए उपाध्याय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वित्तमंत्री ओपी चौधरी को पत्र के माध्यम से जल्द से जल्द निराकरण करने की अपील की है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26